卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 102 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦19 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया



# गर्भगृह में 'श्री रामलला' विराजमान

## सात घंटे तक हुआ पूजन, 20 जनवरी को हटाया जाएगा ढकी मूर्ति का आवरण : राममंदिर के गर्भगृह में रामलला की 51 इंच की अचल मूर्ति के आग स्वर्ण सिंहासन में विराजमान रामलला भी स्थापित होंगे





लखनऊ/अयोध्या (उद ब्यूरो)। अयोध्या नगरी में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का विधिवत कर्मकांड बृहस्पतिवार को गणेश पूजन के साथ शुरू हो गया है। शुभ मुहूर्त में दोपहर 1:20 बजे गणेश, अंबिका और तीर्थ पूजा की गई। इससे पहले 12:30 बजे रामलला की अचल मूर्ति को आसन पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विराजित कराया गया। पहले दिन करीब सात घंटे तक पूजन चला। मुख्य यजमान अशोक सिंहल फाउंडेशन के अध्यक्ष महेश भागचंदका रहे। काशी के आचार्य गणेश्वर द्रविड़ और आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के निर्देशन में पूजन प्रक्रिया संपन्न कराई जा रही है। रामलला के अचल विग्रह को अभी ढक कर रखा गया है। आवरण 20 जनवरी को हटाया जाएगा। बृहस्पतिवार को ढकी मूर्ति का ही पूजन किया गया। रामलला के अचल विग्रह, गर्भगृह स्थल और यज्ञमंडप का पवित्र नदियों के जल से अभिषेक किया गया। पूजन के क्रम में ही राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला का जलाधिवास व गंधाधिवास हुआ। रामलला के नवनिर्मित मंदिर में अचल विग्रह की स्थापना के साथ विराजमान रामलला को भी पूजित- प्रतिष्ठित किया जाएगा। राममंदिर के गर्भगृह में सोने के सिंहासन पर रामलला की 51 इंच की अचल मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है। उनके सिंहासन के ठीक आगे विराजमान रामलला स्थापित होंगे। वे मंदिर में चल मूर्ति यानी उत्सव मूर्ति के रूप में पूजित होंगे। विराजमान रामलला की उपेक्षा के उठ रहे सवाल पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने साफ कहा है कि विराजमान रामलला मुकदमा जीते हैं। उन्हें कैसे हटाया जा सकता है नवनिर्मित गर्भगृह में वे भी प्रतिष्ठित किए जाएंगे। अचल विग्रह के ठीक आगे सिंहासन पर उन्हें भाइयों समेत विराजमान किया जाएगा। रोजाना उनकी पूजा, आरती होगी। अचल मूर्ति स्थापित होने के बाद हिल नहीं सकेगी, इसलिए विराजमान रामलला उत्सव मूर्ति के रूप में यहां प्रतिष्ठित रहेंगे। पर्व व त्योहारों पर इसी उत्सव मूर्ति के साथ शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। चंपत राय ने बताया कि विराजमान रामलला आकार में बहुत छोटे हैं, ऐसे में भक्तों को ठीक से भगवान के दर्शन नहीं हो पाते थे। भक्तों की भावना को देखते हुए एक बड़ी मूर्ति बनाने का निर्णय लिया गया, ताकि रामलला के मुख मंडल का दर्शन भक्त ठीक तरह से कर पाएं। अचल मूर्ति 51 इंच की है। इसे चार फीट ऊंचे सिंहासन पर विराजमान किया जाएगा। इस तरह मूर्ति की कुल ऊंचाई करीब आठ फीट हो जाएगी। ऐसे में भक्त को सुलभ दर्शन प्राप्त हो सकेंगे। अस्थायी मंदिर में रामलला चारों भाइयों समेत विराजमान हैं। विराजमान रामलला की मूर्ति मात्र छह इंच की है। रामलला इस मूर्ति में एक हाथ में लड्डू लिए हुए घुटने के बल पर बैठे हैं। भरत की मूर्ति भी छह इंच की है, जबकि लक्ष्मण व शत्रुघ्न की मूर्ति तो मात्र तीन-तीन इंच की है। गर्भगृह में हनुमान की भी दो मूर्तियां हैं, इनमें से एक मूर्ति पांच इंच की है। एक बड़ी मूर्ति लगभग तीन फीट की है। अधिवास वह प्रक्रिया है जिसमें मूर्ति को विभिन्न सामग्रियों में कुछ समय तक के लिए रखा जाता है। मान्यता है कि मूर्ति पर शिल्पकार के औजारों से आई चोट इससे ठीक हो जाती है। तमाम दोष खत्म हो जाते हैं। इसी क्रम में जलाधिवास के तहत अचल विग्रह को शास्त्रीय विधि से जल में रखा गया। शाम के समय गंधाधिवास हुआ। इसमें श्रीराम की मूर्ति पर सुगंधित द्रव्यों का लेपन किया गया। अनुष्ठान के क्रम में ही यज्ञमंडप की भी पूजा हुई। मंडपपूजा के क्रम में मंदिर के तोरण, द्वार, ध्वज, आयुध, पताका, दिक्पाल, द्वारपाल की पूजा की गई। वहीं, पांच वैदिक आचार्यों ने अनुष्ठान की कड़ी में ही चारों वेदों का पारायण भी शुरू कर दिया है, जिनका पारायण 21 जनवरी को होगा। शुक्रवार सुबह 9 बजे अरणिमंथन से अग्नि प्रकट करने से पूर्व गणपति आदि स्थापित देवताओं का पूजन, द्वारपालों द्वारा सभी शाखाओं का वेदपारायण, देवप्रबोधन, औषधाधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास, कुंडपूजन, पञ्चभूसंस्कार होगा। अरणिमंथन द्वारा प्रकट हुई अग्नि की कुंड में स्थापना, ग्रहस्थापन, असंख्यात रुद्रपीठस्थापन व प्रधानदेवतास्थापन होगा। इसके अलावा राजाराम, भद्र, श्रीरामयंत्र, बीठदेवता, अङ्गदेवता, आवरणदेवता, महापूजा, वारुणमंडल, योगिनीमंडलस्थापन, क्षेत्रपालमंडल स्थापन, ग्रहहोम, स्थाप्य देवहोम, प्रासाद वास्तुशांति, धान्याधिवास सायंकालिक पूजन एवं आरती की जायेगी।

## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां हुई तेज, स्वास्थ्य और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

अयोध्या। प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। इसके लिए तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। बृहस्पतिवार को तीन संदिग्ध आतंकी मिलने के बाद सुरक्षा व्यवस्था और भी चाक-चौबंद कर दी गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अयोध्या पहुंचकर यहां रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों को परखेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम से जुड़ी व्यवस्थाओं को देखेंगे। विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण भी करेंगे। जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी शुरू कर दी है। बृहस्पतिवार को एटीएस के कमांडो ने वाहनों के काफिले के साथ रामनगरी की सुरक्षा परखी। नयाघाट से श्रीरामजन्मभूमि तक महत्वपूर्ण स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी है प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने मोबाइल टीमें मुस्तैद कर दी हैं। इनमें शिफ्टवार विशेषज्ञ चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई है। ये टीमें अलग-अलग स्थानों पर मौजूद रहेंगी। सूचना मिलते ही रवाना होंगी। नोडल अधिकारी डॉ. राममणि शुक्ला ने बताया कि सीएमओ कार्यालय व आवास, बूथ नंबर चार, रामकथा संग्रहालय पर ये टीमें तैनात रहेंगी। उधर, शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर इंतजाम करने के लिए 257 मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी के लिए जिला प्रशासन ने कलेक्ट्रेट परिसर में निर्वाचन कार्यालय के पास नए भवन में कंट्रोल रूम बनाया है। इसमें प्रभारी के साथ जिले स्तर के अधिकारी और कर्मचारी लगाए गए हैं। सीडीओ अनीता यादव के नेतृत्व में यहां तैयारियों को लेकर कार्य किया जा रहा है। यहां से जानकारी देने और सूचनाएं प्राप्त करने का काम किया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए बृहस्पतिवार को जवानों की आखिरी टुकड़ी भी पहुंच गई। इनमें प्रदेश के विभिन्न जिलों की पुलिस के अलावा, आरआरएफ, एसएसबी, आईटीबीपी, पीएसी आदि जवान शामिल हैं।



## गर्भगृह में जाने से पहले सरयू स्नान करेंगे नरेंद्र मोदी, जल लेकर पैदल जाएंगे श्री राम मंदिर

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए और भव्य मंदिर में रामलला के गर्भगृह में प्रवेश करने से पहले सरयू में आस्था की डुबकी लगाएंगे। यहां स्नान के बाद सरयू का पवित्र जल लेकर राम मंदिर तक पैदल जाएंगे। हनुमानगढ़ी के अलावा मां सीता की कुलदेवी देवकाली मंदिर में भी दर्शन की योजना पर विचार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से एक दिन पहले ही 21 जनवरी को अयोध्या आ जाने की संभावना है। पीएम जगदगुरु रामभद्राचार्य के अमृत जन्मोत्सव व रामचरित मानस प्रवचन में भी शामिल होंगे।प्रधानमंत्री मोदी का 22 जनवरी को रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा में आगमन पहले से सुनिश्चित है। अब उनके अयोध्या दौर से जुड़े कुछ नए कार्यक्रमों पर भी विचार किया जा रहा है। इसके लिए रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट समेत प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी एसपीजी के साथ मंथन कर रहे हैं। एसपीजी की ओर से हरी झंडी दिए जाने के बाद ही इसे फाइनल किया जाएगा। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार पीएम के अयोध्या प्रवास के दौरान 22 जनवरी को उनके सुबह की शुरुआत सरयू स्नान के साथ होगी। यहां स्नान के बाद कलश में जल लेकर पीएम राम पथ से भक्ति पथ होकर राम मंदिर की ओर बढ़ेंगे। भक्ति पथ पर ही हनुमानगढ़ी स्थित है। राम मंदिर में प्रवेश से पहले मोदी हनुमंत लला को अपनी श्रद्धा निवेदित करेंगे। प्रशासन और एसपीजी इस बिंदु पर माथापच्ची कर रहे हैं कि राम जन्मभूमि पथ की दूरी ज्यादा है। ऐसे में भक्ति पथ को ही प्रधानमंत्री का रूट तय किया जाए। भक्ति पथ पर ही छोटी देवकाली मंदिर है। मां सीता की कुलदेवी के रूप में इनकी महत्ता को देखते हुए मोदी यहां भी दर्शन-पूजन कर सकते हैं।



## प्रभु श्री राम की लीलाएं सभी के लिए अनुकरणीय: राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। गुरुवार को राजभवन में संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित 'एक संध्या राम के नाम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ट्राइलॉग संस्था द्वारा सम्पूर्ण रामायण का नाट्य रूप में मंचन किया गया। नाट्य मंचन में भगवान श्रीराम के बाल्यकाल से वन गमन, अयोध्या आगमन तक के प्रसंग को मंच पर प्रभावशाली अभिनय के साथ कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। पात्रों द्वारा अपने अभिनय से उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करते हुए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा जो अभिनय प्रस्तुत किया गया वह उच्च कोटि का रहा। उन्होंने कहा कि रामायण के नाट्य मंचन के द्वारा कलाकारों ने राम के आदर्शों का संदेश दिया है वह वर्तमान समय में प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि रामायण में हमने विभिन्न पात्रों के रूप देखे हैं वह सभी हमारे ही अंदर समाहित हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम हमारे आदर्श हैं जिनकी सभी लीलाएं मानव जीवन में अनुकरणीय हैं। राज्यपाल ने कहा कि रामायण पर आधारित नाटक का उद्देश्य रामायण को सुनना और देखना ही नहीं अपितु उसको अपने जीवन में आत्मसात करना है। उन्होंने कहा कि इस नाटक के माध्यम से रामायण के समस्त प्रसंगों को जिस प्रकार मंचन किया गया उसके लिए सभी कलाकार बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लला विराजमान होने जा रहे हैं और यह ऐसा अवसर है जिसका हमने वर्षों इंतजार किया है। इस कड़ी में प्रदेश में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक सफाई अभियान और दीपोत्सव अभियान आयोजित किए जा रहे हैं।इस अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि संस्कृति विभाग द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की कड़ी में रखा गया है। उन्होंने सुंदर नाट्य मंचन के लिए कलाकारों की सराहना की। इस कार्यक्रम में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, विधायक सविता कपूर, बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, हेमकुंड साहिब ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेन्द्र जीत सिंह बिंद्रा, पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अमृता रावत, सचिव संस्कृति हरीश चन्द्र सेमवाल, निदेशक बिना भट्ट, पूर्व डीजीपी अशोक कुमारआदि लोग मौजूद रहे।








## राज्यपाल ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से की भेंट

देहरादून/नई दिल्ली(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने माननीय राष्ट्रपति के हाल में उत्तराखंड भ्रमण की स्मृतियों पर आधारित कॉफी टेबल बुक और स्वयं की पुस्तक 'आत्मा के स्वर' भेंट की।इस अवसर पर राज्यपाल ने राष्ट्रपति को राजभवन नैनीताल की स्थापना के 125 वर्ष पूरे होने के अवसर पर अप्रैल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम हेतु बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# शिक्षा विभाग ने पचास हजार स्कूली छात्राओं को दी साइकिल की सौगात

## बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत 14 करोड़ जारी

देहरादून(उद संवाददाता)। विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा नौ की करीब 50 हजार छात्राओं को मुफ्त साइकिल दी जायेगी। जिसके लिये शिक्षा निदेशालय ने 'बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना' के तहत सभी 13 जिलों को 14 करोड से अधिक की धनराशि जारी कर दी है। इस योजना के तहत प्रत्येक छात्रा के खाते में डीबीटी के माध्यम से साइकिल क्रय हेतु रूपये 2850 दिये जायेंगे। सूबे में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के दृष्टिगत राज्य सरकार ने बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना शुरू की है, जिसके तहत प्रदेशभर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा नौ में प्रवेश लेने वाली सभी छात्राओं को मुफ्त साइकिल योजना का लाभ दिया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक छात्रा के खाते में साइकिल क्रय हेतु रूपये 2850 की धनराशि संबंधित जनपद के मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय से डीबीटी के माध्यम से जमा कराई जायेगी। इस योजना की खास बात यह है कि मैदानी क्षेत्रों के विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा नौ की सभी छात्राओं को अनिवार्य रूप से साइकिल क्रय करनी होगी जबकि पर्वतीय क्षेत्रों की बालिकाओं को मुफ्त साइकिल क्रय करने अथवा किसी अधिकृत बैंक व डाकघार में चार वर्षीय एफडी जमा करने का विकल्प दिया गया है। जिस योजना का लाभ प्रदेश की करीब 50 हजार छात्राओं को मिलेगा जिस हेतु शिक्षा विभाग ने 14





करोड़ से अधिक की धनराशि जारी कर दी है। जिसमें जनपद अल्मोड़ा में 3492 बालिकाओं हेतु एक करोड़, बागेश्वर में 1595 हेतु 45 लाख, चमोली 2533 हेतु 72 लाख, चम्पावत 1677 के लिये 47 लाख, देहरादून 5615 हेतु 1 करोड़ 60 लाख, पौड़ी 3284 हेतु 94 लाख, हरिद्वार 7075 बालिकाओं हेतु 2 करोड़, नैनीताल 5021 हेतु एक करोड़ 43 लाख, पिथौरागढ़ 2635 के लिये 75 लाख, रूद्रप्रयाग 1736 बालिकाओं के लिये 50 लाख, टिहरी 3780 हेतु एक करोड़ आठ लाख, उत्तरकाशी 2258 छात्राओं हेतु 64 लाख तथा ऊधमसिंह नगर 8429 छात्राओं के लिये 2 करोड़ 40 लाख की धनराशि आवंटित की गई है। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिये संबंधित जनपद के मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, वित्त अधिकारी एवं जनपद के वरिष्ठतम प्रधानाचार्य की चार सदस्यीय समिति गठित की गई है, जो रैण्डम रूप से ब्लॉक स्तर पर 20 प्रतिशत लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन करेगी इसके अलावा समिति को मैदानी जनपदों में साइकिल क्रय व पर्वतीय जनपदों में एफडी का भौतिक सत्यापन कर निर्धारित प्रारूप पर रिपोर्ट निदेशालय को भेजनी होगी। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिये सरकार ने शासकीय व अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा नौ की छात्रों को मुफ्त साइकिल देने का निर्णय लिया है। जिसका लाभ प्रदेशभर की 50 हजार छात्राओं को मिलेगा। जिस हेतु विभाग द्वारा 14 करोड़ से अधिक की धनराशि जनपदों को आवंटित कर दी गई है।

# लोकसभा चुनाव के लिए संवेदनशील होकर कार्य करें सभी अधिकारी: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के सफल संपादनार्थ जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा सामान्य चुनाव सबंधित कार्यों हेतु सभी अधिकारी संवेदनशील होकर कार्य करें। उन्होने कहा कि जिस अधिकारी को जो दायित्व सौंपा गया है वह उसका त्रुटिरहित संपादन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी अधिकारी की निर्वाचन संबंधी कार्यों में लापरवाही सामने आती है तो संबंधितों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा



कि सभी कर्यालय अध्यक्ष अपने कार्मिकों की सूचना निर्धारित प्रारूप में भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विशेषकर जिन अधिकारियों/कर्मचारियों ने जनपद में 3 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो वें प्राथमिकता से इसकी सूचना प्रेषित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, अधिशासी निदेशक गन्ना चीनी मिल किच्छा टीएस मर्तोलिया, विवेक कुमार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी लक्ष्मी चौहान, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, विवेक राय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हयाद सिंह महरा का निधन

टनकपुर(उद संवाददाता)। भाजपा के संस्थापक सदस्य व वरिष्ठ नेता और



पूर्व दर्जा राज्यमंत्री और भाजपा जिलाध्यक्ष चंपावत निर्मल माहरा के पिता हयात सिंह माहरा का लंबी बीमारी के बाद गुरूवार को उनके पैतृक गांव इजड़ा में निधन हो गया। मेहरा के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई है तथा जिले में भाजपा ने सभी कार्यक्रम आगामी तीन दिनों तक स्थगित किए गए हैं। हयात सिंह मेहरा के निधन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ,पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी सहित भाजपा नेताओं , पदाधिकारीयो व कार्यकर्ताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की।

# वैश्य महासभा का खिचड़ी समरसता समारोह 26 को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वैश्य महासभा द्वारा माघ के पवित्र माह में खिचड़ी समरसता कार्यक्रम का आयोजन आगामी 26 जनवरी 2024 को निकट ट्रांसपोर्ट नगर में प्रात: 10 बजे से किया जा रहा है। इस सदर्भ में अध्यक्ष अशोक शारदा व महामंत्री भवानी शंकर नीरज की उपस्थिति में कार्यकारिणी की बैठक में यह तय किया गया है कि वैश्य समाज के प्रत्येक घटक दल से दो ऐसे बुजुर्गों या वरिष्ठ जनो को सम्मानित किया जायेगा जिनका वैश्य समाज के उत्थान में या घटक समाज को आगे बढ़ाने में प्रत्यक्ष सहयोग रहा हो तथा समाज की ऐसी प्रतिभा को जिसने इस वर्ष कोई प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण की हो को भी सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम के तहत 26 जनवरी को प्रात: 10 ध्वजारोहण होगा।10.30 बजे से प. विवेक शर्मा द्वारा सुंदर काण्ड पाठ किया जाएगा। दोपहर 12.30 बजे आरती के पश्चात प्रसाद वितरित होगा। दोपहर 12.45 बजे वरिष्ठजन व प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। अन्त में दोपहर 1 बजे खिचड़ी सहभोगकार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में महासभा के कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# 170 नव नियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को दिये नियुक्ति पत्र

## चिकित्सा विभाग में 11 हजार बेरोजगारों को मिलेगी नौकरी: धन सिंह

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा,सहकारिता,उच्च शिक्षा मंत्री डा0 धन सिंह रावत ने अल्मोड़ा मेडिकल कालेज में पहुँचकर जनपद अल्मोड़ा एवं बागेश्वर के कुल 170 नव नियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये और उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की शुभकानायें दी। जिसमें जनपद अल्मोड़ा के 113 व जनपद बागेश्वर के 57 नव नियुक्त नर्सिंग अधिकारी शामिल है। इस दौरान प्राचार्य मेडिकल कालेज डा0 सी0पी0 भैसाड़ा में कैबिनेट मंत्री को शॉल उढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया और उपस्थित सभी लोगों द्वारा कैबिनेट मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने नव नियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आप बडे सौभाग्यशाली है कि आपको मनुष्य की सेवा करने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आपको जो जिम्मेदारी आज मिल रही है उसका निर्वहन ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ करेंउन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग 11 हजार लोगों को नौकरी देने जा रहा है जिसमें वार्ड बॉय, एएनएम,सीएओ, लैब टेक्निशियन, एक्सरे टेक्निशियन, ओटी टेक्निशियन सहित 500 चिकित्सकों की नियुक्ति मार्च में करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग में सभी श्रेणी का कोटा पूरा कर लिया गया है अब किसी भी कोटें के पद चिकित्सा विभाग में खाली नहीं है।मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 378 करोड़ रूपये मेडिकल कालेज के लिये दिये हैं। उन्होंने प्राचार्य मेडिकल कालेज को निर्देश दिये कि धनराशि खर्च करने की गति काफी धीमी चल रही है। उन्होंने प्राचार्य को निर्देश दिये कि सांसद, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित कर मेडिकल कालेज के कार्यों में गति लायी जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया जाय कि वे मैनपावर को बढ़ायें ताकि कार्यों में तेजी लायी जा सके ताकि धनराशि समय से खर्च हो सके। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मेडिकल कालेज के लिये खत्याड़ी के लोगों ने जो भूमि दी गयी है उसके लिये सरकार ने 4 करोड़ रू रजिस्ट्ररी के लिये अवमुक्त कर दिये है। उन्होंने कहा कि सोमेश्वर में उप जिला चिकित्सा 50 बेड का बनाया गया है उसके लिये 30 करोड़ रू0 की धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है। मानिला व लमगड़ा में भी नवभवन बनाने के लिये धनराशि दे दी गयी है। उन्होंने कहा कि जरूरत अनुसार हर चिकित्सालय में चिकित्सों के लिये आवास बनाये जा रहे है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों के लिये धनराशि की कोई कमी नही है। उन्होंने कहा जनपद अल्मोड़ा व बागेश्वर जनपद में 100 प्रतिशत चिकित्सक नियुक्त कर दिये जायेंगे। कोई भी चिकित्सकों के पद खाली नही रहेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में 10 हजार पदों पर नौकरी देने जा रहे है। उन्होंने कहा जिन नर्सिंग अधिकारियों के नियुक्ति पत्र अभी नहीं आये है उन्हें 20 जनवरी तक नियुक्ति पत्र प्राप्त हो जायेंगे। इस दौरान विषिष्ट अतिथि सांसद अजय टम्टा ने नव नियुक्ति नर्सिंग अधिकारियो सम्बोधित करते हुये कहा आपको जो जिम्मेदारी आज मिल रही है उसका सदप्रयोग मानव सेवा के लिये होना चाहिए। सांसद ने कहा जल्द ही पिथौरागढ़ मे भी मेडिकल कालेज षुरू हो जायेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा आम जनमानस के लिये अनेको जन कल्याणकारी योजनायें चलायी रही हैं। इस दौरान उपाध्यक्ष एनएचएम सुरेष भट्ट , जिला अध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा, जिला अध्यक्ष बागेश्वर इन्द्रर सिंह फस्वार्ण ने अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा कैलाष शर्मा, पूर्व विधायक रधुनाथ सिंह चौहान, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष ललित लटवाल, गोविन्द सिंह पिल्खवाल, कैलाश गुरूरानी, महामंत्री धर्मेन्द्र बिष्ट, हरीश कनवाल, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पींचा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आर0सी0 पंत, बागेश्वर डी0पी0 जोषी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व नव नियुक्ति नर्सिंग अधिकारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।





# बीडीसी बैठक में जनप्रतिनिधियों ने उठाएं विभिन्न मुद्दे

गदरपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र पंचायत की बैठक में नहरों की सफाई,अतिक्रमण, विद्युत की जर्जर लाइनों के रख रखाव तथा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप लाइन डालने हेतु खोदी गयी सड़कों की मरम्मत के मुद्दे प्रमुखता से छाए रहे। गुरुवार को ब्लाक कार्यालय में क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लाक प्रमुख प्रमुख पूनम रानी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में जिले से पहुंचे कृषि अधिकारी एके सिंह ने बैठक का शुभारम्भ किया। सदस्य खटोला सुरबाला मण्डल द्वारा विद्युत पोल की आपूर्ति की मांग की गयी। खण्ड शिक्षाधिकारी भास्करानन्द पाण्डे द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी सदन को उपलब्ध कराई गयी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी गदरपुर डॉ०संजीव सरना द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। खेमपुर जिला पंचायत सदस्य कु,सुमन सिंह ने स्कूल की चारदीवारी निर्माण की मांग की,ग्राम प्रधान कूल्हा सुन्दर गिरी गोस्वामी द्वारा जल जीवन मिशन के आश्वस्त किया गया। सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग विनोद कुमार द्वारा विभागीय योजना की जानकारी देते हुए सदन को बताया कि 07 मीटर चौड़ी व 500 मीटर से अधिक लम्बाई की सड़कों का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाता है। समस्त उपस्थित विभागों के अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी सदन को उपलब्ध कराई गयी। खण्ड विकास अधिकारी शेखर जोशी द्वारा विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी सफाई,उद्यान विभाग की जगह पर अवैध कालोनियां हटाने एवं कूड़ा संग्रह व आंगनबाड़ी के लिए भूमि उपलब्ध करवाये जाने की मांग की। खटोला प्रधान द्वारा सड़क निर्माण,खटोला बीडीसी द्वारा सीसी रोड निर्माण वघनाली निर्माण की मांग की। ग्राम प्रधान लखनऊ कमलजीत कोर द्वारा पुलिया निर्माण करवाये जाने, ग्राम प्रधान जगनपुरी द्वारा पुलिया निर्माण व सीसी रोड निर्माण, बुकसौरा के ग्राम प्रधान द्वारा 15-16 सोलर लाईट लगवाने, नाली बैठक में समस्यायें उठाई गयी उन्हें सम्बंधित अधिकारी गंभीरता के साथ हल करें तथा किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक का संचालन करते हुए खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी ने सभी जनप्रतिनिधियों का आभार जताते हुए कहा कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता केघ आधार पर हल किया जायेगा। इस मौके पर खंड शिक्षाधिकारी भास्कर पांडे,विद्युत विभाग से महताब अली,कृषि विभाग से अनिल कुमार,पूर्ति सरकार, हेम गिरी,कवलजीत कौर आदि उपस्थित रहे। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ० ए०के० वर्मा, जिला युवा कल्याण अधिकारी भूपेन्द्र सिंह,बाल विकास परियोजना अधिकारी बीना भंडारी,मतस्य निरीक्षक नीलू नगरकोटी,विकास खण्ड प्रभारी कृषि अनिल अरोरा,गोपाल चौहान, सहायक खण्ड विकास अधिकारी सुभाषनी,ग्राम विकास अधिकारी गौरव त्रिपाठी,सुधेंदु सरकार,एस.पी. मल्ल,मुदस्सिर अहमद,पी.सी.जोशी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी पूनम






क्षेत्र पंचायत सदस्य झगड़पुरी सलविंदर सिंह कलसी द्वारा सिचाई नहरों की सफाई व गुलरभोज डैम की डीसिल्टिंग कर निकाली गयी मिट्टी का नेशनल हाईवे में भरान हेतु सुझाव दिया गया वहीं बलखेडा लाइन की जर्जर तारों को बदलने व बिजली के खम्बो को सीधा करने की मांग की गयी। सम्बंधित अधिकारीयों द्वारा समस्या के शीघ्र निस्तारण हेतु आश्वस्त किया गया। क्षेत्र पंचायत तहत खोदी गयी सड़कों की मरम्मत न होने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर योजना पूर्ण ना होने पर रोष प्रकट जताया। ग्राम प्रधान खटोला मुकेश राणा तथा ग्राम प्रधान अलखदेवा कवलजीत कौर द्वारा खोदी गयी सड़कों के शीघ्र मरम्मत की मांग की गयी। जिस पर विभागीय सहायक अभियंता मुकेश कुमार द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर समस्या का निस्तारण करने हेतु उपलब्ध कराई गयी तथा प्रधानमन्त्री जनमन योजना की सम्पूर्ण जानकारी दी गयी बैठक में बीडीसी नंदपुर द्वारा 7 टूटी सीसी सड़कें व बिजली के खराब खंभों को सही करवाने की मांग की गई। ग्राम प्रधान खानपुर पश्चिम द्वारा 13 सौर्य लाइट, सीसी रोड,सफेट राशन कार्ड बनाने एवं टूटे हुए बिजली के खंभे सही करवाने की मांग की गयी। आनन्द खेड़ा के ग्राम प्रधान द्वारा नहर की निर्माण,सीसी रोड निर्माण करवाये जाने की मांग की। वहीं ग्राम प्रधान अलख देवी द्वारा सीसी निर्माण व शमशान घाट की चारदीवारी व सोलर लाइट लगवाने की मांग की गयी। जिले से पहुंचे कृषि अधिकारी एके सिंह ने बीडीसी बैठक में उठी समस्याओं को सम्बंधित अधिकारियों को स्थानांतरित करते हुए उनका शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि जो भी बीडीसी की अधिकारी हरिश्चंद्र कांडपाल,पशु चिकित्साधिकारी पूजा बठला के अतिरिक्त जिपं सदस्य सुमन सिंह, मधुबाला,सरिता,महेश प्रसाद, सुरबाला मंडल,टिप्सन नरूला, सलविंदर सिंह कलसी, त्रिलोक सिंह,नीतू वर्मा,सुनीता आर्य,तारावती,महेश प्रसाद,शीला रानी, आशिया,नीतू वर्मा,कौशल विश्वास, संजय चौधरी,शराफत अली मंसूरी,ग्राम प्रधान तारावती, इन्द्रपाल सिंह,विकास पनेरू,पार्वती चन्द, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) राजपाल सिंह चौहान, लेखाकार मदन सैनी,प्रधान सहायक आनन्द बिष्ट,कनिष्ठ सहायक सुमित उपाध्याय, कम्प्यूटर सहायक हीरा बिष्ट, सोमपाल,रवि,राधा,गोविन्द, विकास यादव,रविन्द्र उपाध्याय, कनिष्ठ अभियंता शिखर ओझा, विश्वजीत आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन उपकार्यक्रम अधिकारी अमित मेहरा द्वारा किया गया।

# हरीश अरोरा के निवास पर शोभा यात्रा का हुआ स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आदर्श कालोनी स्थित सिद्धेश्वर श्री बालाजी मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा का व्यापार मण्डल महामंत्री हरीश अरोरा के गल्ला मण्डी स्थित निवास पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान हरीश अरोरा एवं उनके परिवारजनों ने महंत रमेश वशिष्ठ सहित अन्य गणमान्य जनों का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए महंत जी से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर , अभिषेक वशिष्ठ विकास शर्मा, गौरव राजभर,राजकुमार खनिजों, पंकज बांगा, ओम प्रकाश अरोड़ा,विजय जग्गा, दीपक गुगलानी, संजय जुनेजा,



पवन गाबा, संदीप राव,राकेश सुखीजा, बलवंत राय अरोड़ा, सौरव राज बेहड़, गगन दुनेजा सहित शहर धार्मिक संस्थाओं के तमाम गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



# महाविद्यालय में दो दिवसीय स्टार्टअप बूटकैंप शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तराखंड सरकार की देवभूमि उद्यमिता योजनान्तर्गत विद्यार्थियों के उद्यमिता कौशल विकास हेतु दो दिवसीय स्टार्टअप बूटकैंप का दिया जा सकता है। जिससे लोगों की समस्याओं का निराकरण होगा। साथ ही साथ बिजनेस का भी विस्तार होगा। जो कि राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में एक योगदान सुनिश्चित करेगा। श्री चौहान ने छात्र-छात्राओं का ग्रुप बनाकर उनको कार्यक्रम में 250 छात्र-छात्राओं को स्टार्टअप से संबंधित विभिन्न क्रियाकलापों में सम्मिलित किया जाना था किंतु छात्र-छात्राओं के उत्साह को देखते हुए 325 छात्र-छात्राओं ने इस स्टार्टअप बूटकैम्प में प्रतिभाग किया।




आयोजन शुरू किया गया। बूट कैंप के प्रथम दिन उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद से आए इंडस्ट्री विशेषज्ञ प्रदीप चौहान ने छात्र-छात्राओं में स्टार्टअप शुरू करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर एवं विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप हमारे आसपास की समस्याओं को लेकर उसको उद्यम का एक आकार बिजनेस के मॉडल के विभिन्न पहलुओं पर अपना विचार व्यक्त करने के लिए एक मॉडल भी तैयार करवाया तथा उनके ग्रुप लीडर से बिजनेस आइडिया को सभी के सामने प्रस्तुत कराया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर डीसी पंत ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा दीप प्रज्वलित कर कैंप शुभारंभ किया। इस अवसर पर देव भूमि उद्यमिता केन्द्र के नोडल प्रोफेसर पीएन तिवारी, सहायक नोडल डॉ. आशीष गुप्ता, प्रो. सर्वजीत सिंह, प्रो. पूनम रौतेला, प्रो. मनोज पांडेय, डॉ. वीएच खान, डॉ. सुनील मौर्य, डॉ. रविन्द्र सैनी, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. अंचलेश व कॉलेज के समस्त प्राध्यापकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने अपना योगदान दिया।

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से उत्साह और उमंग का माहौल: चुघ

रुद्रपुर (उद संवाददाता) । भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक और रामभक्त भारत भूषण चुघ ने आज प्रात: काल आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी के दर्जनों रामभक्तो के साथ श्री दुर्गा मंदिर से पूजा सामग्री व कैलेंडर वितरण का अभियान प्रारंभ किया। सबसे पहले उन्होंने दुर्गा मंदिर पहुंचकर माथा टेका और प्रभु श्री राम के जयकारों के साथ पूजा सामग्री वितरण कार्यक्रम प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर ऐसा उत्साह और उमंग नजर आ रहा है। जिसको देखकर यह देश ही नहीं बल्कि दुनिया भी दंग रह गई है।उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह होना है। इस भव्य और दिव्य समारोह को लेकर करोड़ों लोगों में उत्साह की लहर है। ऐसे में वह शहर की समस्त मलिन बस्तियों में 22 जनवरी तक पूजा सामग्री एवं कैलेंडर वितरण का कार्यक्रम जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सैकड़ो वर्षों तक संघर्ष किया गया और इस संघर्ष का परिणाम है कि आज यह समय आया कि अयोध्या धाम मे प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जा रहा है। जहां विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि गर्भग्रह में श्री रामलला की मूर्ति स्थापित कर दी गई है और 22 जनवरी को भक्तों के दर्शनार्थ मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। उसके पश्चात तमाम राम भक्त प्रभु राम के दर्शन कर सकेंगे। श्री चुघ ने कहा कि समाज के सभी वर्ग के लोग इस ऐतिहासिक पल को अपने दिलों में संजो कर प्रभु राम का स्मरण करें और अपने अपने घर और प्रतिष्ठानों को दियों से रोशन करे। राम भक्त चुघ अपनी टीम के साथ भगवान श्री राम के जयकारों के आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी घर घर पहुंचे जहां उन्होंने बुजुर्गों और महिलाओं से आशीर्वाद लिया और उन्हें पूजा सामग्री व कैलेंडर वितरित किए। उन्होंने कहा कि पुरातन पीढ़ी से लेकर वर्तमान पीढ़ी तक सभी के दिलों में एक ही अलख जल रही थी कि प्रभु राम अपने घर में विराजे और आज यह सदियों का सपना पूरा हो रहा है। इस मौके पर गोविंद राय, रविंद्र धर, सरोज राय, गोविंद विश्वास, गणेश राय, दीपक हालदार, संजय विश्वास, कनि मंडल, नरोत्तम राय, गुणाकार, गोवा मंडल, विकी, शिवकुमार शिबू, राज कोली, प्रवीण मलिक, ठाकुर राई, संजय समेत तमाम लोग मौजूद थे।







# मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जायेंगे, राम आयेंगे..

## सिद्धेश्वर श्री बाला जी मंदिर धाम में सजा श्री बाला जी दरबार,अंजली और सुरभि के भजनों पर झूमें बाबा भक्त





रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सिद्धेश्वर श्री बाला जी मंदिर धाम आदर्श कालोनी के 24 वें श्री बाला जी वार्षिक महोत्सव में गत रात्रि मंदिर में श्री बाला जी महाराज का भव्य दरबार सजाया गया। जिसमें मुम्बई से आई भजन गायिका अंजली सागर तथा जयपुर से आई भजन गायिका सुरभि चतुर्वेदी द्वारा गाये भजनों को सुनकर उपस्थित सैकड़ों बाबा भक्त जयघोष करते हुए झूमने लगे। इससे पूर्व मंदिर में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। सर्वप्रथम श्री बाला जी दरबार में पावन ज्योति प्रज्जवलित की गई। तत्पश्चात बाला जी के भजनों के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। मुम्बई से आई भजन गायिका अंजली सागर ने राम सिया राम सिया राम जय जय राम, दुनियां में देव हजारों हैं बजरंगी का क्या कहना, मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जायेंगे राम आयेंगे प्रभु श्री राम आयेंगे, सुबह शाम आठों धाम बस काम किये जा, खुश होंगे हनुमान राम राम किये जा, किस्मत का खोल दे ताला जी सालासर वाले मेरे बाला जी, कहते हैं लोग इसे राम का दीवाना छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना, त्हारी जय हो पवन कुमार मैं वारी जाऊं बाला जी, कीजो केसरी के लाल मेरा छोटा सा ये काम मेरी राम जी से कह देना जय सिया राम, किशोरी कुछ ऐसा इंतजाम हो जाये, हर जुबां पर राधा राधा राधा नाम हो जाये, मैं तो आई वृन्दावन धाम किशोरी तेरे चरणों में, सांवली सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया आदि भजन सुनाकर उपस्थित बाबा भक्तों को भक्ति में झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं जयपुर से आई भजन गायिका सुरभि चतुर्वेदी ने श्री राम जी का डंका लंका में बजवा दिया बजरंग बाला ने, हनुमान को खुश करना आसान होता है सिंदूर चढ़ाने से हर काम होता है, राम आयेंगे तो अंगना मैं सजाऊंगी, राम जी के मंदिर में दीपक जलाऊंगी, मेरे बाबा जी महाराज का जयकारा गूंजे गली गली सहित कई भजन सुनाये। जिन्हें सुनकर बाबा भक्त खुद को नाचने से नहीं रोक सके और भजनों के साथ साथ ताली बजाते हुए नाचते रहे। आज प्रातः विधि विधान से श्री बाला महाराज जी के दरबार का समापन कर आरती की गई। तत्पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर महंत रमेश वशिष्ठ व ब्रजराज आचार्य अभिषेक वशिष्ठ सहित कार्यक्रम अध्यक्ष संजय राजपूत, महामंत्री मिंटू शर्मा, शुभम वशिष्ठ, मयंक वशिष्ठ, संजय जुनेजा, हरीश अरोरा, पवन गाबा, संजय ठुकराल, हरीश गुम्बर, विकास गुम्बर, ललित कुमार सीटू, ममता सीटू, राजीव गुप्ता, रिंकू ग्रोवर, सुनील यादव, विक्की मुजाल, शेखर अग्रवाल, ललित अग्रवाल, जुगनू, हरजीत सिंह, भारत भूषण बेरीवाल, नितिन त्यागी, रोहित शर्मा, मनीष गोस्वामी, योगेश त्यागी, विजय चौबे, गोबिंद, श्रवण, मोहित बत्रा, सूरज सचदेवा, राजेश कामरा, लक्की कालड़ा, विश्व नाथ शर्मा, योगेश शर्मा, प्रवेश शर्मा, कमल जिंदल, विष्णु बंसल, पवन अग्रवाल, विनय बंसल, सोनू अनेजा, इन्द्रा शर्मा, प्रेमलता वशिष्ठ, गुंजन वशिष्ठ, लक्ष्मी देवी, शिवानी शर्मा, निधि वशिष्ठ व शशि शर्मा,रुद्रपुर से बाबा भक्त मंडल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल, महामंत्री गौतम आहूजा, कोषाध्यक्ष शिवम तागरा,उपाध्यक्ष सोनू खुराना, गुल्लू मुंजाल सहित सैकड़ों बाबा भक्त मौजूद थे।











# सरस मेले में गढ़वाली कलाकारों ने मचाई धूम

### मेले में पहुंचे कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।गांधी मैदान में चल रहे राष्ट्रीय सरस मेले में बृहस्पतिवार को मुख्य अतिथि कैबिनेट एवं जनपद प्रभारी मंत्री गणेश जोशी रहे। सरस मेले में आगमन पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा द्वारा उनका स्वागत किया गया। यहां पर कैबिनेट मंत्री ने दीपों से लिखे जय श्रीराम के नारे का दीप प्रज्वलन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए गए राष्ट्रीय सरस मेले को आयोजित करने वाले अधिकारी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से महिलाओं की आजीविका में बढ़ोतरी का महिलाओं को मौका मिलता है साथ ही विभिन्न संस्कृतियों का आदान प्रदान भी होता है। उन्होंने कहा कि 'लखपति दीदी' जैसे कार्यक्रमों को दिशा देने में भी ऐसे आयोजन कारगर साबित होते हैं। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों बबली एवं कमलेश तथा अन्य महिलाओं को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में बन रहे राम मंदिर से आज पूरा देश राममय हो चुका है इसलिए आगामी 22 जनवरी को सभी लोग घरों में दीप जलाकर उत्सव मनाएं। कार्यक्रम में कलाकारों ने गढ़वाली नृत्य चौफुला एवं थडिया नृत्य कर दर्शकों को पहाड़ी संस्कृति से परिचित कराया। उत्तराखंड की गायिका नीलम ने गढ़वाली गीत 'हाय ककड़ी झिलिमा नूण पीसो सिलिमा' के माध्यम से भी दर्शकों को पहाड़ी ग्रामीण पृष्ठभूमि से परिचित कराया। कार्यक्रम में सूचना विभाग में पंजीकृत सांस्कृतिक दल महिला एवं बाल विकास मजदूर उत्थान समिति के कलाकारों ने भीं कार्यक्रम आयोजित कर समा बांधा वहीं दूसरी ओर स्कूली बच्चों ने भी अपने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। लोगों ने विभिन्न स्टालों से विभिन्न उत्पादों एवं सामग्री की बढ़ चढ़कर खरीदारी भी की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा,अधिशासी निदेशक यूआईआरडी आरडी पालीवाल, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी समेत,नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, डीपीओव्योमा जैन, जन प्रति निधि अमित नारंग, उमा जोशी आदि लोग थे।







# प्रेस क्लब की कार्यकारिणी हुई भंग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मजबूत लोकतंत्र में किसी भी संगठन की पारदर्शिता व विश्वसनीयता तभी दिखाई देती है जब की संगठन में समय पर निष्पक्ष रूप से चुनाव सम्पन्न कराए जाए। यह बात प्रेस क्लब फार वेल्फेयर के अध्यक्ष संजय रावत ने मीडिया सेंटर में आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि किसी भी पत्रकार संगठन का पत्रकार प्रेस क्लब की सदस्यता ले सकता है। उन्होंने बताया कि चूंकि प्रेस क्लब का वर्तमान कार्यकाल समाप्त हो चुका है। अतः वर्तमान कार्यकारिणी को भंग किया जाता है और प्रेस क्लब का कार्य बाधित न हो इसके लिए अस्थायी रूप से पत्रकार राजेश सरकार को संचालक पद पर मनोनीत किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रेस क्लब का बृहद सदस्यता अभियान चलाकर विधिवत नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। उन्होंने सभी पत्रकार साथियों से अपील की है कि प्रेस क्लब की सदस्यता प्राप्त कर स्थानीय स्तर पर पत्रकारों को एकजुट करने में अपना सहयोग प्रदान करे। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार भुवन जोशी ने कहा कि प्रेस क्लब को सक्रिय करना बहुत जरूरी है, ताकि सभी पत्रकारों को एक साथ लेकर उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुचाने का कार्य किया जा सके। प्रेस क्लब के सचिव मनोज आर्या ने कहा प्रेस क्लब का आस्तित्व में होना आज के समय में बहुत जरूरी है और सभी पत्रकारों को पत्रकार हित में क्लब में सहभागिता करना बहुत जरूरी है। दौरान सुरेश पाठक, वंदना आर्या, अंकुर शर्मा, विजेंद्र श्रीवास्तव, कमल राजपाल, दिनेश पांडेय, तारा जोशी, पंकज पांडेय, निखिलेश जोशी, सलीम खान, दीपक भण्डारी, विनोद कांडपाल, हिमांशु गिरोला, राजेश सरकार, अजय कुमार वर्मा, संजय प्रसाद, संजय कैनेरा, गुरमीत सिंह स्वीटी, अमृत पांडेय, वीरेंद्र पाल, अतुल अग्रवाल, चन्दन बिष्ट, दिव्यशु राजपाल, नीरज नेगी मौजूद थे।





उत्तरांचल दर्पण

## सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# पाकिस्तान और ईरान में टकराव


पाकिस्तान और ईरान ने एक–दूसरे की जमीन पर हमले कर एक नए संघर्ष को जन्म दे दिया है। हालांकि अब दोनों देश संतुलित प्रतिक्रिया दे रहे हैं और उनका दावा है कि वे इस संघर्ष को आगे नहीं बढ़ाना चाहते। मगर इससे विश्व राजनीति में सरगर्मी बढ़ गई है। ये हमले ऐसे वक्त में हुए हैं, जब दोनों देश अपनी सीमा में सक्रिय अलगाववादी समूहों को खत्म करने के लिए साझा रणनीति पर काम करने के लिए सहमति बना रहे थे।दावोस में ईरान के विदेश मंत्री जब पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री से मिले तो दोनों ने इसी मसले पर बातचीत की। मगर उसके एक दिन बाद ही ईरान ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान इलाके में हमला कर दिया। उसके जवाब में दो दिन बाद पाकिस्तान ने भी ईरान के सिस्तान और बलूचिस्तान वाले इलाके में गोले दाग दिए। दोनों का दावा है कि उन्होंने उन इलाकों में सक्रिय अलगाववादी समूहों को खत्म करने के मकसद से हमला किया, उनका लक्ष्य नागरिक ठिकाने कतई नहीं थे। हालांकि मीडिया रिपोर्टों में खुलासा हुआ है कि इन हमलों में दोनों तरफ के नागरिक भी मारे गए और घायल हुए हैं।हालांकि पाकिस्तान और ईरान के बीच विवाद नया नहीं है। दोनों के बीच करीब नौ सौ किलोमीटर की साझा सीमा है, जिसके दोनों तरफ बलूच समुदाय के लोग रहते हैं और वे दोनों मुल्कों के खिलाफ हैं। वे अपना स्वायत्त शासन चाहते हैं। उन इलाकों में सक्रिय आतंकवादी संगठन दोनों देशों पर हमले करते रहे हैं। पिछले महीने ही जैश अल–अदल आतंकी संगठन ने ईरान के सुरक्षा बलों पर हमला किया था, जिसमें ग्यारह ईरानी पुलिस मारे गए थे। इसी तरह पाकिस्तान पर भी अलगाववादी हमले करते रहे हैं। ईरान का कहना है कि उसके खिलाफ आतंकी गतिविधियां चलाने वाले संगठनों के ठिकाने पाकिस्तान वाले इलाके में हैं। इसलिए उसने उन पर हमला किया। पाकिस्तान ने भी इसी तर्क पर ईरान की जमीन पर हमला किया। जबकि हकीकत यह है कि ईरान के हमले के बाद पाकिस्तान के लोगों में खासी नाराजगी उभरी थी और चुनाव के माहौल में वहां की सरकार उस हमले को नजरअंदाज नहीं कर सकती थी। उसने ईरान पर जवाबी हमला कर दिया। हालांकि अगर दोनों का मकसद आतंकवादी समूहों पर काबू पाना होता, तो साझा रणनीति के तहत आगे बढ़ते। मगर ईरान की मंशा इससे बिल्कुल अलग है। पाकिस्तान पर हमले से पहले उसने इराक और सीरिया की जमीन पर भी गोले दागे थे। इससे साफ है कि वह उस इलाके में अपना वर्चस्व कायम करना चाहता है। विचित्र है कि दोनों देश आतंकवाद के सफाए के नाम पर एक–दूसरे के आमने–सामने खड़े हो गए हैं, जबकि ये खुद दूसरे देशों में आतंकवाद को बढ़ावा देते रहे हैं। पाकिस्तान की भारत को अस्थिर करने की कोशिशें छिपी नहीं हैं। ईरान को अपने खिलाफ सिर उठाने वाले बलूच विद्रोही तो पसंद नहीं, पर वह खुद इजराइल के खिलाफ लड़ रहे हिजबुल्ला और यमन में होथी विद्रोहियों का खुला समर्थन करता है। ईरान और पाकिस्तान के बीच ताजा हमलों से पैदा तनाव बेशक कुछ समय में सामान्य हो जाए, पर अमेरिका और इजराइल की नाराजगी उसके लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है। आतंकवाद को लेकर दो तरह का नजरिया नहीं हो सकता। जब तक ये दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ साफ मन से मैदान में नहीं उतरते, तब तक बलूचिस्तान में धधक रही आतंकवाद की आग पर काबू पाना उनके लिए कठिन बना रहेगा।

# मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री को सौंपी उत्तराखंड की विकास योजनाओं के मास्टर प्लान की विस्तृत रिपोर्ट





## पीएम मोदी को बागेश्वर में बने तांबे के उत्पाद तथा उत्तराखण्ड की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार सामग्री भेंट की



नई दिल्ली/देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बागेश्वर में बने ताम्र शिल्प पर आधारित उत्पाद तथा उत्तराखण्ड की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार की गई सामग्री भेंट की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने राज्य की महिलाओं के प्ररिश्रम की सराहना की तथा उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का उत्तराखण्ड को वेडिंग डेस्टिनेशन बताए जाने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा उत्तराखण्ड में शादियों के लिए अब बड़ी संख्या में बुकिंग की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों एवं पर्यटकों को मानसखण्ड मन्दिर माला के दर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए गढ़वाल तथा कुमायूं को जोड़ने वाले मार्गों का उच्चीकरण किया जाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन के अन्तर्गत चिन्हित 48 पौराणिक मन्दिरों में से 16 मन्दिरों में अवस्थापना विकास के कार्य शुरू हो चुके हैं। जागेश्वर धाम हेतु 150 करोड़ रूपये का मास्टर प्लान बनाया गया है। उन्होंने मानसखण्ड मन्दिरों के प्रचार–प्रसार हेतु 'भारत गौरव मानसखण्ड एक्सप्रेस'' ट्रेन देश के विभिन्न स्थानों से उत्तराखण्ड के काठगोदाम, टनकपुर रेलवे स्टेशनों के लिये संचालित किये जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जी को जानकारी दी कि राज्य के स्थानीय उत्पादों की प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, ब्रांडिंग हेतु अंब्रेला ब्रांड के रूप में (हाउस आफ हिमालयाज) को और अधिक प्रभावी बनाकर स्थानीय उत्पादों व कलाकृतियों को एक बेहतर मंच प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को सड़क एवं परिवहन, ऊर्जा तथा नई टाउनशिप के विकास, आयुष के क्षेत्र में हो रहे विशेष कार्यों, उत्तराखण्ड स्टेट मिलेट मिशन की कार्ययोजनाओं एवं मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना के तहत प्रदेशवासियों को मिल रहे लाभ के विषय में जानकारी दी। उन्होंने पीलीभीत–खटीमा राजमार्ग के 4 लेन के चौड़ीकरण हेतु परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण के लिए कार्यदायी संस्था नामित करते हुए कार्य प्रारम्भ कराने, मसूरी में 2 लेन टनल परियोजना के कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग को कार्यदायी संस्था बनाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जी से राज्य को केन्द्रीय पूल के कोयला आधारित संयंत्रों से 400 ड अतिरिक्त विद्युत आवंटित करने, टनकपुर–दून के बीच एक जनशताब्दी रेल सेवा, टनकपुर एवं नई दिल्ली के मध्य एक फास्ट ट्रेन और देहरादून–हरिद्वार–रामनगर सीधी रेल सेवा संचालित करने का अनुरोध किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जी द्वारा वायुसेना द्वारा चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी के नियमित रख–रखाव और जौलीग्रान्ट हवाई अड्डे के उच्चीकरण व विभिन्न जल विद्युत परियोजनाओं के विकास– निर्माण की अनुमति देने का अनुरोध किया गया।

# जोड़ मेले में उमड़ी संगत

गदरपुर(उद संवाददाता)। बाबा भूमन शाह की याद में तहसील स्वार जिला रामपुर उत्तर प्रदेश के ग्राम बेवक्ता में आयोजित किए गए भारी जोड़ मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु ग्रंथ साहिब जी को नमन करने के साथ बाबा भुम्मन शाह को भी याद किया। गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथी भाई विजेंद्र सिंह ने बताया कि भारत बंटवारे के उपरांत 1966 में कंबोज एवं अन्य समुदाय के बुजुर्गों द्वारा बेवक्ता में गुरुद्वारा साहिब की स्थापना के साथ बाबा भूमणशाह का मंदिर भी स्थापित किया। हर वर्ष 18 जनवरी माघ मास की 5 तारीख को भारी जोड़ मेले के दौरान भारी धार्मिक समागम किए जाते हैं। श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना पूर्ण होने पर इस



वर्ष श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 17अखंड पाठों के भोग एवं सर्वत्र सुख शांति की अरदास की गई । हरियाणा के सिरसा से आए गद्दीनशीन बाबा ब्रह्म दास द्वारा हरजस गायन किया गया। उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के आदर्शों पर चलने का आह्वान करते हुए सभी को किसी भी प्रकार का नशा करने से वर्जित किया तथा सात्विक जीवन जीने की अपील की। इससे पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा बाबा ब्रह्म दास का फूल मालाओं से और बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों से स्वागत किया गया । तत्पश्चात हजारों की संख्या में संगत द्वारा सहभागिता करते हुए गुरु का लंगर रूपी प्रसाद भी ग्रहण किया । दूरदराज से आई सैकड़ो दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की।

# दो स्टोन क्रशरों पर 1.95 करोड़ जुर्माना

रामनगर । खनिज विभाग की टीम के निरीक्षण में दो स्टोन क्रशर खनिज उपखनिज चोरी में लिप्त पाए गए हैं। विभाग ने स्टोन क्रशरों पर 1.95 करोड़ रुपये जुर्माना लगाया है। खान अधिकारी ताजबर सिंह नेगी ने बताया कि विभागीय टीम के साथ मंगलवार को वीरपुर लच्छी में पूरेवाल स्टोर क्रशर और ढिल्लन स्टोन क्रेशर पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों स्टोन क्रशरों में तय क्षमता से अधिक उपखनिज का भंडारण पाया गया। इस पर पूरेवाल स्टोन क्रशर पर 27,27,900 और ढिल्लन स्टोन क्रशर पर 1,67,99,468 रुपये का जुर्माना लगाया है। टीम में सर्वेक्षक विनोद बाराकोटी, खनिज मोहर्रिर जयप्रकाश एवं फील्ड परिचर मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार रहें : रेखा आर्य

देहरादून। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने खेल निदेशालय में विभागीय अधिकारियों के साथ इस वर्ष प्रस्तावित राष्ट्रीय खेल और सीएम धामी की घोषणाओं के संबंध में बैठक ली। बैठक में विभागीय अधिकारियों से राष्ट्रीय खेलों के खेल मैदानों के निर्माण व अवस्थापना के बारे में जानकारी ली।रेखा आर्य ने कहा कि राष्ट्रीय खेल की मेजबानी मिलना राज्य के लिए खुशी की बात है। हम राष्ट्रीय राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। विभागीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए



कहा कि जो भी निर्माण कार्य बचे हुए हैं उन्हें तय समय पर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करा लिया जाए।कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि राज्य में कार्यरत करीब 500 कोच पांच–पांच मेडलिस्ट को राष्ट्रीय खेलों के लिए तैयार करेंगे। ऐसे में राज्य के खिलाड़ियो की प्रतिभा सामने निखर कर आएगी और हम अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे।

# प्रदेश के 5115 मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों के उच्चीकरण को मिली मंजूरी

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्य के 5115 मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों के उच्चीकरण के लिए भारत सरकार की मंजूरी मिल गई है। जिसके लिए महिला सशक्तिकरण व बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने प्रधानमंत्री मोदी,केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और प्रदेश के मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया है। काबीना मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि यह राज्य के लिए बेहद खुशी का विषय है कि जब रामराज्य की स्थापना हो रही है। उसी समय राज्य में हमारी आंगनबाड़ी बहनों को यह एक बड़ा तौहफा दिया है। प्रदेश के सौ प्रतिशत मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों के उच्चीकरण के लिए केंद्र सरकार की मंजूरी मिल चुकी है। जल्द ही इनका निर्माण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही 5115 महिलाओं को सहायिकाओं के रूप में रोजगार मिलेगा और इन मिनी केंद्रों के उच्चीकृत होने से हमारी आंगनबाड़ी बहने सशक्त भी बनेगी। आंगनबाड़ी बहने विभाग की ताकत हैं। आज सरकार की हर एक योजना को जन–जन तक पहुंचाने में हमारी बहनों का भी बड़ा योगदान होता है। सरकार हमारी बहनों की मजबूती के लिए लगातार कार्य कर रही है।

# परिजनों के साथ कैंची धाम पहुंची साईना नेहवाल

नैनीताल। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने बृहस्पतिवार को परिजनों के साथ कैंची धाम पहुंचकर बाबा नीब करौरी महाराज की पूजा–अर्चना के साथ आशीर्वाद लिया। साइना एक घंटे तक मंदिर में रुकी और बाबा का ध्यान लगाया। साइना के साथ उनकी मां उषा रानी नेहवाल और बहन चंद्रांशु नेहवाल भी रहीं। बृहस्पतिवार सुबह 11 बजे कैंची धाम पहुंचीं साइना ने बाबा नीब करौरी महाराज



के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से भी मुलाकात की। निगलाट के प्रधान पंकज निगल्टिया ने बताया कि साइना नेहवाल ने मंदिर में बाबा की पूजा–अर्चना की। मंदिर समिति के प्रदीप साह भय्यू ने साइना को बाबा के जीवन से जुड़े चमत्कार के किस्से बताए। साइना ने कहा कि वह बाबा की भक्त हैं और उनके नाना भी बाबा के समय मंदिर आया करते थे। साइना ने कैंची धाम की फोटो सोशल मीडिया में भी शेयर की हैं। बताते हैं कि साइना कुमाऊं भ्रमण पर आई हैं।

# आगामी 22 जनवरी को सभी मदिरा की दुकानों को बंद रखने के आदेश

देहरादून(उद संवाददाता)। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम तथा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश की समस्त विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें, गोदामों सहित सैन्य कैंटीन विदेशी मदिरा की बिक्री हेतु पूर्णतया बंद रहेंगी। उक्त निर्देशों के क्रम में लोक शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आबकारी अधिनियम में निहित प्रावधानों के अंतर्गत सभी जिलों की समस्त विदेशी मदिरा की फुटकर दकानों सहित गोदाम, एफएल–2/2बी एवं सैन्य कैंटीन विदेशी मदिरा की बिक्री व परिवहन हेतु पूर्णतया बंद रहेंगी।

# खटीमा में श्री राम प्रभात फेरी का पुष्प वर्षा के साथ हुआ स्वागत

खटीमा (उद संवाददाता)। भगवान श्री राम की शोभायात्रा प्रभात फेरी पांचवें दिन रामलीला ग्राउंड से शुरू होकर मेला घाट रोड स्थित आवास विकास कॉलोनी, राजीव नगर चौक अल्केमिस्ट रोड बिहारी कॉलोनी लोहिया रोड हरसुख एनक्लेव आदि स्थानों पर निकाली गई। हजारों की संख्या में राम भक्तों ने श्री राम शोभायात्रा में भाग लिया। राम धुन राम भजन ऑन में झूमते गाते हुए राम भक्त शहर के विभिन्न वार्डों से होकर निकले, जहां शोभायात्रा में शामिल राम भक्तों का आतिशबाजी के साथ मिष्ठान वितरण के साथ जोरदार स्वागत स्थानीय निवासियों ने किया। घरों की छतों से राम भक्तों पर स्थानीय निवासियों ने पुष्प वर्षा की। श्री राम शोभायात्रा में पूरा शहर राम के भजनों में झूम उठा। यात्रा में शामिल छोटे-छोटे बच्चों महिलाओं युवाओं,पुरुषों का उत्साह देखते ही बनता था। पर्वतीय समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा का आरती कर स्वागत किया। पूर्वांचल सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील रैदानी ने अपने निवास पर प्रसाद वितरण कर एवं मिष्ठान वितरण कर यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया। यात्रा महा आरती के साथ रामलीला मैदान में संपन्न हुई। यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए समाजसेवी मनोज वाधवा ने बताया कि श्रीराम शोभायात्रा 22 जनवरी तक प्रातः निकाली जाएगी। 22 जनवरी को रामलीला मैदान में विशाल भंडारे के साथ महा आरती के साथ यात्रा का समापन होगा। शोभायात्रा में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाज सेवी सतीश गोयल, रमेश चंद्र जोशी, रामू भैया, मनोज वाधवा, नंदन सिंह, संतोष अग्रवाल, मोहनी पोखरिया, नीलू गुप्ता, रेनू भंडारी, धना भंडारी, पप्पू प्रजापति, विशाल चौहान, सुरेश पवार, विमल बिष्ट, भानु प्रकाश शास्त्री, बाबूराम अरोड़ा, अरुण उदय सिंह, हरीश पांडे, गोपी पांडे आदि सहित सैकड़ों लोग थे।



# डीएम ने भीमताल और भवाली क्षेत्र में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

भीमताल(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने गुरुवार को साप्ताहिक जनसुनवाई के तहत भीमताल और भवाली क्षेत्र में निर्माण कार्य एवं लाभार्थी परक विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें जिलाधिकारी ने मुख्य रूप से भवाली सैनेटोरियम के समीप जल स्रोतों का निरीक्षण, पंप हाउस, निमार्णाधीन रोडवेज स्टेशन की पार्किंग और काम्पलैक्स, जसूली देवी धर्मशाला, अमृत सरोवर, शिप्रा नदी और भीमताल में उद्यान नर्सरी, पाण्डेगांव में साई मन्दिर के पास निर्माणाधीन केन्द्रीय विद्यालय के भवन का निरीक्षण किया। इसके बाद विकास भवन भीमताल में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया। सैनेटोरियम के पास जाबर नाले के दो जल स्रोतों का निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल संस्थान और निगम के अधिकारियों को बह रहे पानी को संचय कर टैंक बनाने के निर्देश, उन्होंने कहा कि जल स्रोतों का पानी संचय कर जलापूर्ति योजना से लिंक करने से भवाली नगर में पेयजल की समस्या का समाधान में सहायता मिलेगी, साथ ही गर्मियों में होने वाली किल्लत से ग्रामीणों को राहत मिलेगी। भवाली कोतवाली के समीप करीब डेढ़ साल से जल संस्थान के खराब पड़े पंप हाउस का निरीक्षण किया। पार्किंग बनने से नगर में जाम की समस्या दूर होगी। जसूली देवी धर्मशाला, संग्रहालय में निरीक्षण के दौरान एसडीएम कोश्याकुटोली को केइमवीएन और नगर पंचायत से समन्वय कर एक माह के भीतर संग्रहालय को सुचारु रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने देवी मंदिर के समीप 11करोड़ की लागत से बन रहे निर्माणाधीन मल्टी स्टोरी पार्किंग और काम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार से पार्किंग की जानकारी ली। कॉमलेक्स में दुकानों के आवंटन के बारे जानकारी ली। भीमताल में जिलाधिकारी ने उद्यान नर्सरी का निरीक्षण किया। पाण्डेगांव में साई मन्दिर के पास निर्माणाधीन केन्द्रीय विद्यालय के भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय के स्टाफ के लिए आवासीय भवनों के लिए विद्यालय की दो किलोमीटर परिधि के भीतर स्थल चयन करने की बात कही।



# आम का बगीचा में स्ट्रीट लाइट लगाने को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गौजाजाली उत्तर में स्थित आम के बगीचे के निवासियों ने निवर्तमान पार्षद रईस अहमद गुड्डू के नेतृत्व में नगर निगम में नगर आयुक्त के नाम ज्ञापन राजेंद्र सिंह बिष्ट सौंपा। रईस अहमद गुड्डू ने निवर्तमान मेयर डॉक्टर जोगेंद्र सिंह रौतेला से भी फोन पर बात की तो उन्होंने आश्वासन दिया कि एक से डेढ़ महीने के बीच में वार्ड में स्ट्रीट लाइटो का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस अवसर पर जहांगीर आलम, मोहम्मद असलम, मोहम्मद यासीन, मोहम्मद अशरफ, मोहम्मद साजिद , अब्दुल हसन ने कहा कि आम के बगीचे में नालियों का पानी रोड पर बह रहा है। जिससे आने-जाने वाले नागरिकों को अत्यंत परेशानी हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए भी एक ज्ञापन दिया गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही जिम्मेदार अधिकारियों को मौके पर भेज कर मौका मुआयना किया जाएगा और इसका समाधान किया जाएगा।



# पेयजल योजना के कार्यों का लिया जायजा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने आवास विकास में नगर निगम की ओर से कराये जा रहे पेयजल लाईन के नवीनीकरण कार्यों का भाजपा नेताओं के साथ स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने बताया कि आवास विकास में पेयजल लाईनें जर्जर हो चुकी हैं, जिस कारण घरों में गंदा पानी आ रहा है। कई जगह लाईनें क्षतिग्रस्त होने से सप्लाई भी बाधित हो चुकी है। आवास विकास की पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए नगर निगम बोर्ड की बैठक में पुरानी पेयजल लाईनें बदलकर नई लाईनें लगाने और नया बोर कराने का प्रस्ताव पारित किया गया था। तीन करोड़ की इस योजना के लिए नगर निगम की ओर से स्वीकृत धनराशि भी जल संस्थान को जारी कर दी गयी है। जल संस्थान ने स्वीकृत बजट से अब आवास विकास में पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त करने का काम तेजी से शुरू कर दिया है। फिलहाल स्वीकृत बजट के अंतर्गत नया बोर कराया जा रहा है। इसके बाद जर्जर हो चुकी पाईप लाईनों की जगह नयी पाईप लाईनें डाली जायेंगी। रामपाल सिंह ने कहा कि लगभग दस माह के भीतर इस योजना का काम पूरा कर लिया जायेगा। जिसके बाद अवास विकास वासियों को पुरानी पेयजल लाईनों से मुक्ति मिलेगी और पेयजल व्यवस्था भी सुचारू होगी। नए बोर का कार्य प्रारंभ होने पर आवास विकास के निवासियों द्वारा निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह सहित भाजपा नेताओं का आभार व्यक्त किया। रामपाल सिंह ने कहा कि उन्होंने मेयर रहते हुए निस्वार्थ भाव से सेवा की है। शहर में जो भी विकास कार्य कराये गये हैं वह जनभावनाओं के अनुरूप कराये गये हैं। उनके कार्यकाल में हुए कई विकास कार्यों का लाभ आने वाली कई पीढ़ियों को भी मिलेगा। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान, राकेश सिंह, पार्षद प्रतिनिधि राजेश जग्गा नितेश गुप्ता प्रभु दयाल गांधी,देवी दयाल गुप्ता, चेतन शर्मा ,लक्ष्मी चंद्र शर्मा,कपिल अरोड़ा, जयंत सिंह आदि शामिल थे।



# ससुरालियों पर लगाया विवाहिता की हत्या का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शिव नगर ट्रांजिट कैम्प में फांसी लगने से एक महिला की हुई मौत के मामले में मृतका के परिजनों ने उसके ससुरालियों पर दहेज के लिए उसकी हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। दर्ज रपट में श्रीमती मोहनदेई पत्नी मुक्ता प्रसाद निवासी शरीफनगर थाना देवरनियां जिला बरेली ने कहा है कि उसने अपनी पुत्री प्रभा का विवाह 13फरवरी 2023 को मोहन लाल पुत्र नेतराम मौर्या निवासी मौहल्ला शिवनगर थाना ट्रांजिट कैम्प के साथ किया था। विवाह में अपनी हैसियत के अनुसार पांच लाख रूपये नकद, सोने की चेन, अंगूठी तथा अन्य घरेलू सामान अपनी पुत्री के लिए दिया था। पुत्री विदा होकर मोहन लाल के घर गई। कुछ दिनों के बाद से ही मोहन लाल व उसकी माता मुन्नी देवी, पिता नेतराम और मोहन लाल का ममेरा भाई सूरज उसकी पुत्री से कम दहेज लाने का तान देने लगे और दहेज में मोटर साईकिल की मांग कर उसको मारने-पीटने लगे और खाने कपडे से भी मोहताज कर दिया। पुत्री के गर्भवती होने के बाद इन लोगों का अत्याचर और अधिक बढ़ गया। जिसकी सूचना पुत्री ने फोन पर बताया। मोहन लाल को भी समझाने का प्रयास किया किन्तु यह लोग नहीं माने और दहेज की मांग पर अड़े रहे। मोहन देई का कहना है कि वह अपनी पुत्री को देखने के लिए 15 जनवरी की शाम मोहन लाल के घर आई और रात को अपनी बहन उर्मिला के घर में जाकर रूकी। 16 जनवरी की शाम को लगभग 5 बजे अपनी पुत्री के घर गई तो देखा की उक्त मोहन लाल उसकी पुत्री को जबरन कमरे के अन्दर ले गया जिसके साथ नेतराम, मुन्नी, सूरज भी थे। इन लोगों ने मिलकर पुत्री प्रभा के गले में रस्सी डाल कर टीन शेड के एंगल से लटका कर जान से मार दिया। उसके शोर करने से मोहन लाल आदि बाहर से किबाड और लाईट बन्द कर के भाग गये। आरोप है कि उक्त लोगो ने उसकी पुत्री को दहेज के लिए फांसी पर लटका कर जानबूझकर उसकी हत्या कर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विद्युत कटौती को लेकर व्यापार मण्डल ने सौंपा ज्ञापन

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल ने विद्युत कटौती को लेकर एक ज्ञापन विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता संजय कुमार तिवारी को सौंप कर विद्युत कटौती को बंद करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर को सजाया जा रहा है तथा अत्यधिक ठंड का भी प्रकोप बना हुआ है जिस वजह से नगर में विद्युत सप्लाई को बाधित करना उचित नहीं है। ज्ञापन में कहा गया है कि 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के चलते नगर में भव्य आयोजन किए जाने हैं यदि विद्युत कटौती की जाती रही तो आयोजनों पर असर पड़ सकता है। वही बढ़ती ठंड के कारण आम नागरिकों को दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि शीघ्रता शीघ्र विद्युत कटौती को बंद करते हुए सुचारू रूप से विद्युत सप्लाई नगर में जारी रखी जाए। ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल के नगर महामंत्री विजय अरोड़ा, कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला कोषाध्यक्ष मुख्य थे। इस अवसर पर एसडीओ डीसी गुरुरानी भी मौजूद थे।



# स्कूटी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। दुर्घटना के आरोपी स्कूटी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग का लेकर एक व्यक्ति ने पुलिस में तहरीर दी है। पुलिस को सौंपी तहरीर में हल्दूपोखरा दरम्वाल पोस्ट आनंदपुर निवासी राजेन्द्र जोशी पुत्र स्व. मोहन चन्द्र जोशी का कहना है कि उनका बड़ा भाई ललित मोहन जोशी रोज की भांति अपनी मोटरसाकिल से समाचार पत्र बांटने जा रहा था। सुबह नौ बजे बजे करायल जौलासाल रावत हाईवे के पास सामने से आ रही एक स्कूटी ने उसके भाई की मोटर साइकिल में टक्कर मार दी जिससे ललित मोहन जोशी घायल हो गया। वहीं हादसे के बाद स्कूटी सवार मौके से फरार हो गया। घायल ललित मोहन जोशी को एसटीएच लाया गया। उसके भाई के दोनों पैरों में फ्रैक्च्र है।

# शराब के साथ एक गिरफ्तार

हल्द्वानी। मुखानी पुलिस ने एक युवक को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से देशी और अंग्रेजी शराब के 103 पव्वे बरामद हुए हैं। आरटी चौकी पुलिस पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान मेरीगोल्ड मैरिज पैलेस के सामने खाली प्लाट स्थित झाड़ियां के पास संदिग्ध हालत में खड़े युवक को धर दबोचा। उसके पास मिले थैले से शराब के 103 पव्वे बरामद हुए हैं। युवक ने अपना नाम अंशु कुमार आर्य पुत्र हरीश कुमार आर्य निवासी दौला बाजपुर चोरगलिया बताया। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी आरटीओ संजीत राठौड़, कां. सुनील आगरी, रविंद्र खाती, मनीष उप्रेती आदि शामिल रहे।

# गोबिंद अध्यक्ष व भुवन महामंत्री नियुक्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे द्वारा काठगोदाम नगर ईकाई का पुनर्गठन करते हुए काठगोदाम के वरिष्ठ व्यापारी एवं इलेक्ट्रिक एसोसिएशन के महामंत्री गोविंद सिंह भाकुनी को काठगोदाम इकाई का अध्यक्ष और भुवन चंद्र जोशी को महामंत्री मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने नवमनोनित अध्यक्ष व महामंत्री को काठगोदाम इकाई का विस्तार कर व्यापारियों की आवाज को बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया। उनके मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद गोयल, मदन फर्त्याल, महिला जिलाध्यक्ष कुसुम दिगारी, महामंत्री उर्वशी बोरा, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, चंद्र शेखर पंत, राजेश अग्रवाल, रूपेंद्र नागर, हितेंद्र भसीन, नवनीत राणा, दिगंबर वर्मा, सौरभ भट्ट, मधुकर बनोला, पवन वर्मा, कृष्णा फुलारा पवन जोशी सहित व्यापारी प्रतिनिधियों ने बधाई दी।अध्यक्ष गोविंद सिंह भाकुनी एवं महामंत्री भुवन चंद्र जोशी ने संगठन का आभार व्यक्त किया।



# दुर्घटना के आरोपी बस चालक पर केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता )।नगर निगम के पास बस व बाईक के मध्य हुई टक्कर के मामले में बाईक सवार घायलों के परिजनों ने आरोपी बस चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में शिवम मलिक पुत्र स्व. रविन्द्र मलिक निवासी बिगवाड़ा रॉयल रेडिजेन्सी ने कहा है कि 18 जनवरी की दोपहर उसकी माँ शशी बाला जीजा ओमवीर के साथ बाईक संख्या यूके 06 बीएच 3157 पर सवार होकर घर से सरकारी अस्पताल दवाई लेने जा रही थी। मार्ग में नगर निगम के सामने पीछे से तेज रफ्तार से आ रही टनकपुर डिपो की रोडवेज बस संख्या यूके 07 पीए 2508 के चालक ने बाईक को टक्कर मार दी जिससे उसकी माँ का हाथ बस टायर के नीचे आ गया व जीजा रोड पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गयें। बाईक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। बस चालक को लोगों द्वारा पकड़ लिया गया। मौके पर पहुची पुलिस बस चालक को कोतवाली ले गई। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# पुलिया से टकराकर खाई में गिरी बाईक, युवक की मौत

जसपुर( उद संवाददाता)। रेस्टोरेंट में काम करने वाले युवक की ग्राम मिस्सर वाला के पास सड़क हादसे में मौत हो गयी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना की सूचना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है। बताया जा रहा है कि मृतक जसपुर में स्थित एक रेस्टोरेंट में बावर्ची का कार्य करता था। जानकारी के अनुसवार 34 वर्षीय रोहित कुमार पुत्र नरेश कुमार निवासी मोहल्ला गंज निकट एसआरएस मॉल जसपुर में स्थित रस्तोगी रेस्टोरेंट में बावर्ची के रूप में कार्य करता था। रोज की भांति वह गुरुवार सुबह रेस्टोरेंट पर कार्य करने गया था। गुरूवार रात्रि करीब 11:30 बजे वह बाइक पर रेस्टोरेंट से वापस घर लौट रहा था। रास्ते में ग्राम मिस्सरवाला में स्थित पुलिया के पास उसकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मोटरसाइकिल सड़क किनारे खाई में गिर गई। सुबह तक खाई में ही पड़े रहने कारण रोहित की मौत हो गई। सुबह लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक के पिता रिटायर्ड पोस्टमैन हैं। मृतक अपने पीछे पत्नी तथा दो पुत्रों को रोता बिलखता छोड़ गया है।



# रुद्रपुर में व्यापार मंडल चुनाव 4 फरवरी को



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की महानगर इकाई के चुनाव आगामी चार फरवरी को होंगे। जिसमें 3150 व्यापारी मतदाता मतदान कर अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष का चुनाव करेंगे। व्यापार मंडल जिला महामंत्री निर्मल हंसपाल ने चुनाव संचालन समिति के सदस्यों के साथ चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि मुख्य चुनाव अधिकारी सुरमुख सिंह विर्क की देखरेख में चुनाव कराया जाएगा। चुनाव कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 19 और 20 जनवरी को विर्क एग्रो सेल्स में मतदाता सूची पर आपत्तियां दर्ज होंगी। 22 व 23 जनवरी को आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा। 24 जनवरी को नामांकन पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे तथा 25 जनवरी को नामांकन पत्र जमा होंगे। उन्होंने बताया कि 27 जनवरी को सिटी क्लब में शाम तीन बजे तक नाम वापसी और वैध नामांकन पत्रों की घोषणा की जायेगी। जिसके पश्चात चार फरवरी को सुबह नौ से शाम चार बजे तक जनता इंटर कालेज में मतदान होगा। जिसके बाद 5.30 बजे से मतगणना और परिणाम की घोषणा कर दी जायेगौ। साथ ही तीनों निर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन पत्र दिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि महानगर को दो भागों में बांटने के बाद ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में नए व्यापार मंडल अध्यक्ष का मनोनयन किया गया था। इसे लेकर विरोध के स्वर उठ रहे थे। छह महीने के भीतर वहां की कार्यकारिणी का भी चुनाव करा लिया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और चुनाव पर्यवेक्षक ओमप्रकाश अरोरा, जिला कोषाध्यक्ष एवं सहायक चुनाव अधिकारी विनीत जैन, जिला मीडिया प्रभारी अजय चड्डा, हरीश जल्होत्रा, विशाल भुड्डी, अमित अरोरा बॉबी, बलविंदर सिंह विर्क, देवीशंकर अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# बाजपुर में करोड़ों के कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास

बाजपुर( उद संवाददाता)। ग्राम विकास कृषि व सैनिक कल्याण एवं जिले के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने बाजपुर के ग्राम हरिपुरा हरसान के राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पहुँचने पर प्रभारी मंत्री का फूल मालाओं, पुष्पगुच्छ से जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री जोशी ने 312.38 लाख की लागत से 18 कार्यों का शिलान्यास एवं 27.92 लाख की लागत से 7 कार्यों का लोकार्पण किया। कुल 3 करोड़ 40 लाख 30 हजार की लागत से 25 कार्यों का शिलान्यास/लोकार्पण किया।कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री श्री जोशी ने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रभारी मंत्री होने के कारण मेरा प्रयास रहता है कि सबके हितों के लिए कार्य करूँ। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। आज देश के 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन देने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की चिंता करते हुए 10 करोड़ से अधिक लोगों को उज्जवला गैस योजना के अंतर्गत गैस-चुल्हा वितरण करने का कार्य देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। 10 करोड़ से अधिक शौचालय बनाने का कार्य मोदी सरकार के द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से देश में निधन/जरूरतमंद लोगों को उनका अपना घर देने का कार्य देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार चाहे वह दिल्ली की हो या प्रदेश की दोनों जनहित के लिए कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य है कि 2025 तक प्रदेश में एक लाख बहनों को लखपति दीदी योजना के माध्यम से लखपति बनाना हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष उत्तराखंड बीज प्रमाणीकरण बलराज पासी, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा उमा जोशी, जिला महामंत्री भाजपा अमित नारंग मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा,उपजिलाधिकारी राकेश तिवारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नफील जमील, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, कृषि अधिकारीअजय कुमार वर्मा,तहसीलदार अक्षय भट्ट आदि थे।



# ट्रक की टक्कर से युवती की मौत

उत्तरकाशी( उद संवाददाता)। पर्वतीय क्षेत्रों में हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। उत्तरकाशी के डुंडा सैणी के समीप एक बेकाबू ट्रक ने कई दोपहिया वाहनों को रौंद दिया। ट्रक की चपेट में एक लड़की भी आ गई। लोग लड़की को गंभीर घायल अवस्था में जिला अस्पताल ले गए, जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार रात करीब आठ बजे सुजाता पुत्री रघुवीर सिंह निवासी सैंणी डुंडा के पास सड़क पर पैदल जा रही थी। इसी दौरान डुंडा की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने सुजाता को टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर से सुजाता गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे आसपास के लोगों ने जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वहीं टक्कर मारने वाला चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया साथ ही ट्रक को भी कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू की।

# पुलिस कर्मियों पर नगदी लूटने व झूठे मामले में फंसाने का आरोप

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम रायपुर निवासी एक व्यक्ति ने दो पुलिस कर्मियों पर उससे 20 हजार लूटने तथा झूठे मामले में केस दर्ज कर देने का आरोप लगाया है। दी तहरीर में ग्राम रायपुर निवासी हरजिन्दर सिंह पुत्र सुरजीत सिंह ने कहा है कि 17 जनवरी की दोपहर वह घर से स्कूटी संख्या यूके 06 एबी 8714 से ग्राम जयनगर काली नगर दिनेशपुर जा रहा था। कुछ दूर जाने के बाद सुनसान जगह पर एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे रोका। हरजिन्दर का कहना है कि उसने जैसे ही स्कूटी रोकी एक और व्यक्ति वहां आ गया। दोनों ने उससे मारपीट शुरू कर दी। जब परिजनों को फोन करना चाहा तो उसका फोन छीन लिया। हरजिन्दर का आरोप है कि दूसरे व्यक्ति ने उसकी स्कूटी तथा जेब में रखे 20 हजार रूपये छीन लिए और दोनों अज्ञात व्यक्ति वहां से भाग गये। हरजिन्दर का कहना है कि जब उसने खोजबीन की तो पता लगा कि उससे लूटपाट करने वाले दोनों व्यक्ति पुलिस कर्मी थे। हरजिन्दर का आरोप है कि उक्त दोनों पुलिस कर्मियों ने उस पर कच्ची दारू बेचने का झूठा केस लगा दिया है।

# रकम दोगुना करने का झांसा देकर कनिष्क अभियंता से लाखों की ठगी

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। दोगुनी रकम पाने के लालच में एक कनिष्क अभियंता को जालसाजों ने लाखों रूपए का चूना लगा दिया। कनिष्क अभियंता रकम वापस दिलाने की गुहार लेकर न्यायालय की शरण में पहुंचा है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कुसुम विहार सिंघल मंडी प्रथम देहरादून निवासी अमित आर्या पुत्र नंद किशोर जल संस्थान हल्द्वानी में कनिष्क अभियंता के पद पर तैनात है। उन्होंने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हल्द्वानी की अदालत में प्रार्थना पत्र दिया है कि उसके पास एक नंबर से कॉल आई जिसके बाद कॉल करने वाले ने खुद को एक संस्था से जुड़ा बताकर निवेश करने की बात कही। कहा गया कि कुछ समय में ही रकम दो गुनी हो जाती है और उसे निवेशक को वापस कर दिया जाता है। लालच में आकर उसने कई किस्तों में उसने अपने खाते से पैसे ट्रांसफर करने शुरू कर दिए। उसने कुल 17 लाख रूपए अपने खाते से ट्रांसफर कर दिए। जबकि मियाद पूरी हुई तो उसने रकम लौटाने की बात कही। लेकिन उन्होंने फिर पैसों की डिमांड रखी जिसके बाद उसे ठगे जाने का एहसास हुआ। पीड़ित का कहना है कि उसने हल्द्वानी कोतवाली और एसएसपी को भी डाक से शिकायत की थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। शिकायती पत्र का संज्ञान लेते हुए अदालत ने पुलिस को मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए जिसके बाद पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एसपी सिटी ने देर रात सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। एसपी सिटी हरबंस सिंह ने देर रात्रि हल्द्वानी शहर की सुरक्षा व्यवस्था परखने के लिए औचक निरीक्षण किया। तिकोनिया चौराहे पर सुपर जोनल पुलिस अधिकारी, चारों थानों के रात्रि अधिकारियों एवं समस्त



पुलिस बल को शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं चोरी की घटनाएं घटित न होने हेतु दिए सख्त निर्देश दिए गए। एसपी सिटी ने अलग-अलग ड्यूटी प्वाइंट तथा गश्त पर तैनात अधिकारी कर्मचारियों को चैक कर वार्ता की। सभी को अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावी गश्त करने तथा लगातार मूवमेंट में रहने के निर्देश दिए। सभी अधीनस्थों को सर्दी के चलते ऐतियात बरतने के भी निर्देश दिए गए।

# कल गांधी पार्क में होगा हनुमान चालीसा पाठ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सम्पर्क अभिश्यान समिति द्वारा कल 20 जनवरी को गांधी पार्क में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जायेगा। पत्रकारों को इस आशय की जानकारी देते हुए समिति के जिला संयोजक मुकेश पारिक ने बताया कि कल प्रात: 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक गांधी पार्क में हनुमान चालीसा का पाठ किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए महानगर को चार उप नगरों में विभाजित किया गया है। सुभाष उपनगर के राम भक्त चामुंडा मंदिर में, दयानन्द उपनगर के राम भक्त कटोरी देवी मंदिर प्रांगण में, भगत सिंह उपनगर के राम भक्त गल्ला मंडी में तथा शिवाजी उपनगर के राम भक्त सरस्वती शिशु मंदिर में एकत्रित होकर शोभा के रूप में गांधी पार्क पहुंचेगें। वार्ता के दौरान समिति के सह संयोजक अतुल त्यागी, योगेश वर्मा, विशाल खेड़ा, जिला प्रचार प्रमुख धीरेन्द्र भट्ट आदि थे।

# तो उत्तराखंड के पहाड़ी इलाके में बढ़ रही है गरीबी?

**खाद्य विभाग के ताजा आंकड़ों का खुलासा ,उत्तराखंड में बढ़े तेरह हजार से अधिक अंत्योदय परिवार, सबसे अधिक अंत्योदय परिवार पौड़ी एवं टिहरी जिले में तो सबसे कम उधम सिंह नगर में, प्राथमिक परिवार बढ़ने के मामले में उधम सिंह नगर एवं हरिद्वार जिले सूबे में अव्वल**

-अर्श-

रूद्रपुर। गरीबों के उत्थान के तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद ,खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार उत्तराखंड में एक साल के भीतर बाईस हजार से अधिक गरीब परिवार बढ़े हैं। मजे की बात तो यह है कि राज्य के अपरायुक्त खाद्य उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में तकरीबन 14 हजार अति गरीब परिवार (अंत्योदय राशन कार्ड धारक परिवार) बढ़ने का मूल कारण बढ़ती गरीबी को नहीं, बल्कि अन्य वजहों से बनाए जा रहे नए राशन कार्ड को मानते हैं। ज्ञात हो कि राज्य में वर्ष 2022 में प्राथमिक (सफेद) राशन कार्ड धारकों की संख्या 948134 थी, जो वर्ष 2023 की समाप्ति पर बढ़कर 962071 पहुंच गई है ।साथ ही अंत्योदय राशनकार्ड धारकों की संख्या, जोकि गत वर्ष 174980 थी, वह बढ़कर 183626 हो गई है। इस लिहाज से प्रदेश में 1 साल के भीतर तकरीबन बाईस हजार से अधिक राशन कार्ड धारक बढ़े हैं। जिसमें सफेद राशन कार्ड धारक परिवार की संख्या 13 हजार 937 और अंत्योदय कार्ड धारक परिवारों की संख्या 8 हजार 646 हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक अंत्योदय कार्ड धारक परिवार पौड़ी और टिहरी जिले में बढ़े हैं। वहीं प्राथमिक राशन कार्ड धारक ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जिले में सबसे अधिक बढ़े हैं। दिलचस्प बात तो यह है कि उधम सिंह नगर जिले में साल भर के भीतर एक भी अंत्योदय कार्ड धारक परिवार नहीं बढ़ा है ।खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के आंकड़ों पर मंडलवार दृष्टिपात करें, तो बीते एक साल में गढ़वाल मंडल में अंत्योदय और कुमाऊं मंडल में प्राथमिक कार्ड धारकों की संख्या बढ़ी है। सबसे अधिक 3542 अंत्योदय परिवार गढ़वाल मंडल के पौड़ी जिले में बढ़े हैं। दूसरे नम्बर पर 1251अंत्योदय परिवारों की संख्या के साथ टिहरी तथा 1055 अंत्योदय परिवारों के इजाफे के साथ चमोली जिला तीसरे नंबर पर है। आंकड़ों के अनुसार कुमाऊं में अंत्योदय परिवार केवल अल्मोड़ा में बढ़े हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के ताजा आंकड़ों के संबंध में अपर आयुक्त खाद्य पीएस पागती का स्पष्टीकरण भी सामने आया है।उनके अनुसार उत्तराखंड में साल भर के भीतर बाईस हजार नए राशन कार्ड धारक परिवार बढ़ने का मतलब यह हरगिज नहीं है कि राज्य में केवल गरीबी बढ़ने के परिणाम स्वरूप ही नए राशन कार्ड धारकों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। उन्होंने आगे जोड़ा की फर्जी राशन कार्ड की शिकायत पर अभियान चलाकर कई राशन कार्ड निरस्त किए गए थे ,अब उनकी जगह जरूरतमंदों के राशन कार्ड बनाए जाने जा रहे हैं। इस कारण राज्य में इस साल नए राशन कार्ड धारकों की संख्या में वृद्धि हुई है। उनके अनुसार आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए भी लोगों को राशन कार्ड की आवश्यकता होती है ।इस वजह से भी नए राशन कार्ड धारकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है ।अपरायुक्त खाद्य के दावे के अनुसार अब नए राशन कार्ड धारक परिवारों को भी सरकार की योजना के अनुसार अगले पांच साल तक प्रति कार्ड 35 किलो राशन मिलेगा। इसके अलावा प्राथमिक कार्ड धारकों को भी प्रति यूनिट 5 किलो राशन मिलेगा।



# टनकपुर में चलाया विशेष सफाई अभियान

टनकपुर (उद संवाददाता)।सचिव उत्तराखंड शासन एवं जिलाधिकारी चंपावत के आदेशानुपालन में अयोध्या में श्री राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तिथि 22 जनवरी तक पूरे प्रदेश के साथ-साथ जिला चंपावत के नगर क्षेत्र टनकपुर में विशेष सफाई जा रहा है। इसी क्रम में टनकपुर के वार्ड नंबर एक क्षेत्र में डॉक्टर मोहम्मद शाहिद (प्रभारी चिकित्सा अधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय टनकपुर) को नोडल अधिकारी नामित किया गया जिनके नेतृत्व में टनकपुर शारदा घाट के तट पर संध्या आरती से पहले विशेष सफाई अभियान चलाया गया व



कारपेट बिछाकर सौन्दर्यीकरण में सहभागिता की गई जिसके बाद पंचमुखी मंदिर, पशुपतिनाथ मंदिर, महादेव मंदिर,सीता राम मंदिर,में अभियान के तहत साफ सफाई की गई जिसमे मंदिर के पुजारीयों ने भी सहयोग किया। इस दौरान सामाजिक संगठन, स्वयं सहायता समूह, महिला मंगलदल, युवक मंगलदल,पर्यावरण मित्र की टीम,हंसा जोशी महिला मोर्चा जिला महामंत्री, श्रीमती विद्या जुकरिया जिला मंत्री मौजूद रहे।

# नव वर्ष 2024 कैलेंडर का किया विमोचन

गदरपुर(उद संवाददाता)।थाने में थाना अध्यक्ष भुवन जोशी और मीडिया क्लब के अध्यक्ष मुकेश पाल ने नव वर्ष 2024 के कैलेंडर का विमोचन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष भुवन चंद जोशी ने बताया कि नव वर्ष 2024 का कैलेंडर छपा है उन्होंने शाहनूर अली और राजेंद्र छाबड़ा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस दौर में अखबार बंद हो रहे हैं उस दौर में अखबार के साथ-साथ कैलेंडर निकालना भी एक साहसिक निर्णय है। वहीं मीडिया क्लब अध्यक्ष मुकेश पाल ने कहा कि शाहनूर अली और राजेंद्र छाबड़ा ने प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक



मीडिया में अपना एक नया मुकाम बनाया है। इस दौरान थाना अध्यक्ष भुवन चंद जोशी,प्रभारी निरीक्षक अभि सूचना इकाई रिजवान खांन, उप निरीक्षक ओम प्रकाश, एस आईराकेश कठायत, उप निरीक्षक भूपेंद्र रसवाल, उप निरीक्षक बसंत कुमार, उप निरीक्षक कुसुम रावत, उप निरीक्षक पूरन सिंह तोमर,आरक्षी भुवन गीरि,कांस्टेबल इरशाद उल्ला,मीडिया क्लब अध्यक्ष मुकेश पाल,मीडिया क्लब संरक्षक विकास तनेजा, सचिव राकेश अरोरा,कोषाध्यक्ष शाहनूर अली गौरव बत्रा,राजेंद्र छाबड़ा, उमर अली,सुरेंद्र चावला,रिजवान अली,रामपाल, बिपुल प्रजापति,निशांत गुप्ता,सचिन गुप्ता,नसरुद्दीन आदि लोग उपस्थित रहे।

# चौराहों पर लगाये भगवा ध्वज

किच्छा(उद संवाददाता)। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण अभियान समिति के संयोजक सचिन चावला के नेतृत्व में शहर के विभिन्न चौराहों पर भगवा ध्वज लगाए गए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समिति के संयोजक सचिन चावला ने बताया कि शहर के महाराणा प्रताप सिंह चौक, दीनदयाल उपाध्याय चौक और आदित्य चौक को भगवा ध्वज और फूलमाला से सजाया जाएगा।वही श्री सनातन



धर्म मंदिर कमेटी किच्छा और नवयुवक कला केंद्र के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा आगे बढ़कर भगवान राम का गुणगान निरंतर किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि आने वाली 22 जनवरी को महादीपावली के रूप में मनाने की तैयारी की जा रही है, इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस दौरान राम अवतार अग्रवाल,अमित कालड़ा, गेंदन लाल, चमन सिडाना,बंटी कोली, राजकुमार कोली, दिनेश मित्तल, मंटू अग्रवाल सहित अन्य रामभक्त मौजूद थे।

# छात्रों को दी यातायात नियमों की जानकारी

टनकपुर (उद संवाददाता)उद संवाददाता।34वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत चम्पावत पुलिस द्वारा राजकीय इण्टर कॉलेज टनकपुर में छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी। थाना टनकपुर क्षेत्रान्तर्गत राजकीय इण्टर कॉलेज टनकपुर के लगभग 450 छात्रों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करते हुए यातायात के नियमों का पालन करने हुते कहां गया। दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट का प्रयोग करने, नशे में वाहन न चलाने, चार पहिया वाहन



में सीट बेल्ट का प्रयोग करने, मोड़ो पर हॉर्न का प्रयोग करने व रात्रि में वाहन चलाते समय डीप्पर का प्रयोग करने हेतु अपील की गयी। साथ ही साथ अपने आस-पड़ोस व परिजनों को भी यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने हेतु कहा गया। इस दौरान टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक बी0एस0 बिष्ट, हेड कांस्टेबल रामलाल, कांस्टेबल रमेश काण्डपाल आदि शामिल थे।

# गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम की बनाई रूपरेखा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। विभिन्न संगठनों की संयुक्त बैठक काठगोदाम में सम्पन्न हुई जिसमें 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गणतंत्र दिवस पर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से पाठ किया जायेगा और गणतंत्र को मजबूत रखने की शपथ ली जायेगी। कार्यक्रम 26 जनवरी को दोपहर 2 बजे से बुद्ध पार्क हल्द्वानी में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही यह भी तय किया गया कि 30 जनवरी को महात्मा गांधी के शहीदी दिवस पर अंबेडकर पार्क, मंगल पड़ाव में 11 बजे प्रातः एकत्र होकर बुद्ध पार्क हल्द्वानी तक 'सदभावना मार्च' निकाला जाएगा। बैठक में संविधान और गणतंत्र के लगातार किए जा रहे सचेत अवमूल्यन और उसके स्वरूप को बदलने की लगातार कोशिशों और धर्म और राजनीति के घालमेल पर गहरी चिंता व्यक्त की गई और संविधान की रक्षा करने के लिए 'हम भारत के लोग' से उठ खड़ा होने की अपील की गई। वरिष्ठ नेता शराफत खान, सुहैल सिद्दीकी, मीमांसा आर्य, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान, अंबेडकर मिशन के अध्यक्ष जी आर के जगदीश जीतू, बिन्दुखत्ता के सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात पाल, अख्तर आलम आदि ने विचार व्यक्त कर कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु



महत्वपूर्ण सुझाव दिए और तमाम लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष, प्रगतिशील, वामपंथी संगठनों व व्यक्तियों से कार्यक्रमों में भागीदारी सुनिश्चित करने की सामूहिक रूप से अपील की। इस अवसर पर उत्तराखंड सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष इस्लाम हुसैन, ऐक्टू प्रदेश महामंत्री के के बोरा, सदभावना समिति के अजय जोशी, भाकपा माले जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय, कांग्रेस के टम्टा, पछास के महेश, नैनीताल पीपुल्स फोरम के एडवोकेट कैलाश जोशी, सर्वोदय मण्डल नैनीताल के संयोजक बच्ची सिंह बिष्ट, सामाजिक कार्यकर्ता मुहम्मद अखलाक, किसान मंच रामगढ़

# विद्युत बिल जमा नहीं करने पर काटे कनेक्शन

टनकपुर (उद संवाददाता)। चंपावत जिले के टनकपुर क्षेत्र में लंबे समय से विद्युत बिलों का भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटने की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत दर्जनों उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन



काटे गये हैं विद्युत विभाग के सहायक अभियंता नरेंद्र प्रसाद ने बताया कि टनकपुर क्षेत्र में लंबे समय से विद्युत बिलों का भुगतान न करने वाले बकायेदारों के बिद्युत संयोजन काटने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में वन उपभोक्ताओं को बिल जमा करने के लिए नोटिस जारी किया गया था जिसके बाद भी उन उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बकाया बिल का भुगतान न करने पर उनके कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है।उन्होंने लोगों से अपील की कि जिन लोगों द्वारा अपने विद्युत बिल लंबे समय से नहीं जमा की है वह शीघ्र भुगतान कर विद्युत कनेक्शन काटे जाने से बचें।

# तमंचा कारतूस सहित एक गिरफ्तार

गदरपुर। संदिग्धों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी के नेतृत्व मे थाना गदरपुर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान ग्राम पिपलिया नंबर 1 को जाने वाली सड़क पर पुलिया के पास गुलशन राजभर पुत्र ओमप्रकाश निवासी



प्रेम नगर थाना गदरपुर को 1 तमंचा 315 बोर और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक ओम प्रकाश, कांस्टेबल विमल शामिल रहे।

# नेत्रदान कर दो लोगों को रोशनी दे गये स्व.साईं दित्ता

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के आवास विकास वार्ड न. 06 निवासी स्व. हरीश कुमार कुब्बा,जगदीश लाल कुब्बा,सुभाष कुमार कुब्बा,कृष्ण लाल कुब्बा,प्रवीण कुमार कुब्बा,राजेश कुमार उर्फ राजू कुब्बा के पिताजी एवं श्याम ठुकराल के ससुर साईं दित्ता कुब्बा का आकस्मिक निधन बुधवार को हो गया था। उनकी अंतिम इच्छानुसार परिवार ने नगर की नेत्रदान कराने वाली संस्था सोचो डिफरेंट से संपर्क किया। तत्पश्चात सी एल गुप्ता आई बैंक मुरादाबाद की टीम द्वारा सफलता पूर्वक नेत्रदान किए गए। स्व. साईं दित्ता जाते जाते इस दुनिया में किन्ही दो लोगों के जीवन में रोशनी देते हुए नेत्रदान कर हमेशा हमेशा के लिए अमर हो गए। नगर की विभिन्न संस्थाओं ने दिवंगत श्री साई दत्ता कुब्बा जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।



# वाद विवाद प्रतियोगिता में रोहित भुसरी प्रथम

गदरपुर(उद संवाददाता)। पंतनगर के सभागार में विवेकानंद स्वाध्याय मंडल के तत्वाधान में उद्भव इंटर यूनिवर्सिटी डीबेट (वाद-विवाद) प्रतियोगिता में एस.एस.पब्लिक स्कूल ने सीनियर ग्रुप में रोहित भुसरी ने प्रथम पूरी नही हो सकती है।) जिसमें रोहित ने उच्च स्तर का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की टीम का मार्ग दर्शन श्रीमती काजल अरोरा,श्री काशिफ खान एव श्री जगदीश चन्द्र द्वारा किया गया। सिंह ने पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा जो छात्र स्थान प्राप्त नही कर पाये उनका मनोबल बढ़ाते हुए भविष्य में अधिक मेहनत करके उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने टीम का





स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन करते हुए अपने माता-पिता एव शिक्षकों का भी सम्मान बढ़ाया। डिबेट का मुख्य विषय (उपयुक्त ज्ञान की आवश्यकता सोशल मीडिया से कभी विद्यालय के चौयरमैन श्री डी.पी.सिंह एवं सचिव श्री अभिषेक प्रताप सिंह ने इस उपलब्धि पर पूरी टीम को बधाई दी और बच्चों को आशीर्वाद दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य स. परविंदर मार्गदर्शन करने वाले श्रीमती काजल अरोरा,श्री काशिफ खान एवं जगदीश चंद्र को और अधिक से अधिक बच्चों को भविष्य में इस तरह की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने के लिए प्रेरित किया।

# इंस्पिरेशन स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेल-कूद महोत्सव का आयोजन हुआ। खेलों का औपचारिक शुभारम्भ विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर व उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा ने रंग-बिरंगे गुब्बारों को उड़ाकर किया। चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया ने सभी प्रतिभागियों को खेल नियमों का पालन करते हुए खेलने के लिए कहा व सभी को शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम की शुरूआत मार्च पास्ट से हुई जिसमें रेड हाउस, ग्रीन हाउस, येलो हाउस व ब्लू हाउस ने भाग लिया। तत्पश्चात स्पोर्टस वाइस कैप्टन लक्षिता देउपा व आयुष्मान रावत ने खेल प्रतिभागियों को खेल शपथ दिलाई। कार्यक्रम में ड्रिल्स डॉस योगा की विभिन्न मुद्राओं, आसनों व तायक्वांडो



एक्ट ने सभी को अचंभित कर दिया। कक्षा नर्सरी से कक्षा नौ तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जिसमें 50 मी0 दौड़, हर्डल रेस, ऐम योर टारगेट, पिंग पोंग, रिंग रेस, बॉल थ्रो, 100 मी0 दौड़, कैप द कोन रेस, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, रिले रेस आदि थे।अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी रहे प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया। इस समारोह में प्रधानाचार्य श्री अनुराग माथुर ने भी सभी प्रतिभागियों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।